हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025


तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 14.5 डिग्री


12 छत्तीसगढ़ में हर साल दस हजार युवा सीखेंगे...


14 भाठागांव में 15 दिनों से कचरा कलेक्शन ठप महापौर...

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के साढ़े 4 बजे एक दोपहिया सवार की डिवाइडर से टकराकर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी दोपहिया चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट में पेशे से लैब टेक्नीशियन महेश यादव की मौत हुई है। महेश, यश शर्मा तथा रूपेश साहू एक्टिवा में सवार होकर तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे में सैर करने निकले थे। गाड़ी यश चला रहा था। यश तेज रफ्तार लहराते हुए गाड़ी चला रहा था। इस दौरान महेश डिवाइडर से टकरा गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने महेश को मृत घोषित कर दिया।

### इस्पात कंपनी में धावा साढ़े चार लाख की चोरी



**रायपुर।** धसींवा थाना में एक इस्पात कंपनी के मैनेजर ने अज्ञात के खिलाफ अज्ञात चोर के खिलाफ साढ़े 4 लाख रुपए कीमत की कॉपर वाइंडिंग और आयल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। केपी इस्पात एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर पुष्पेंद्र मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर दीवार फांदकर इस्पात कंपनी के अंदर प्रवेश कर ट्रांसफार्मर को तोड़कर कॉपर वाइंडिग तथा आयल चोरी कर ले गया।

### खड़े ट्रक से टायर चोरी कर ले गए शातिर

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक ट्रांसपोर्टर ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके दो ट्रकों के सात नग टायर, जिसकी कीमत तीन लाख रुपए है, चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिंगरोड में न्यू ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट के मालिक रियाज खान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रियाज ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर शनिवार-रविवार दरमियानी रात ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़े उसके दो ट्रक के टायर चोरी कर ले गया।

### कचरा फेंकने के विवाद पर मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ कचरा फेंकने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय नगर निवासी पदमा यादव ने इख्तियार शेख तथा इमरान उर्फ बाबा के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। पद्मा ने पुलिस को बताया कि इख्तियार उसके घर के अंदर कचरा फेंककर चला गया। विरोध करने पर इख्तियार तथा इमरान ने महिला के साथ मारपीट की।

### रिपोर्ट लिखाने के विवाद पर पिता-पुत्री से मारपीट



**रायपुर।** आरंग थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। करमंदी निवासी सुनील मिश्रा ने अजय डहरिया के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुनील ने पुलिस को बताया कि वह महासमुंद समोदा तिगड्डे के पास खड़ा था। इस दौरान अजय सुनील के पास पहुंचा और उस पर रिपोर्ट लिखाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। मारपीट होते देख सुनील की बेटी अपने पिता को बचाने पहुंची तो अजय ने उसकी बेटी के साथ भी मारपीट की।

# 40 वर्ष पश्चात ब्रम्ह योग में कालभैरव जयंती कल, विशेष अनुष्ठान प्रारंभ

## मंगलवार रात्रि 11 बजकर 8 मिनट से प्रारंभ हो जाएगी अष्टमी, उदया तिथि के आधार पर जयंती कल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ब्रह्म योग में काल भैरव जयंती बुधवार को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 40 वर्षों पश्चात काल भैरव जयंती के दिन ब्रह्म योग का संयोग निर्मित हो रहा है। मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को काल भैरव जयंती मनाई जाती है। अष्टमी तिथि की शुरुआत 11 नवंबर को रात 11 बजकर 8 मिनट से होगी। 12 नवंबर को रात 10 बजकर 58 मिनट पर अष्टमी तिथि समाप्त होगी। उदयातिथि के अनुसार बुधवार को काल भैरव जयंती मनाई जाएगी। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक, बुधवार को आश्लेषा और मघा नक्षत्र के साथ शुक्ल और ब्रह्म योग भी रहेंगे। ग्रह-नक्षत्रों के इस विशेष योग में पूजन फलदायी होता है। मुहूर्त के आधार पर पूजन प्रातःकाल से ही आरंभ किया जा सकता है। प्रथम शुभ मुहूर्त प्रातः 6:41 बजे से 9:23 बजे तक रहेगा। द्वितीय मुहूर्त सुबह 10:44 से दोपहर 12:05 बजे तक का है। इन मुहूर्त में पूजन शुभ होगा। हालांकि दिन के अन्य समय भी पूजा की जा सकती है।

### 17 नवंबर को होगी पूर्णाहुति

रतनपुर महामाया मंदिर के समीप स्थित श्री सिद्धतंत्र पीठ भैरव मंदिर में विशेष अनुष्ठान प्रारंभ हो गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से भक्त यहां अनुष्ठान का हिस्सा बनने पहुंचने लगे हैं। 11 नवंबर को कलश यात्रा के साथ पंचांग पूजन होगा। 12 नवंबर को सर्वदेव आवाहन पूजन क साथ अग्नि प्रज्वलन किया जाएगा। 17 नवंबर को संध्या यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। 19 नवंबर को बटुक भोज आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में काल भैरव जयंती के मौके पर सर्वाधिक लंबा अनुष्ठान इसी मंदिर में चलता है।



12 नवंबर रात 10 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगी अष्टमी तिथि, पूरे दिन कर सकेंगे पूजन

### राहु-केतु व शनि के दोष शांत

श्री सिद्धतंत्र पीठ भैरव मंदिर, रतनपुर के महंत जागेश्वर अवस्थी ने कहा, इस दिन की गई पूजा से राहु, केतु और शनि जैसे ग्रहों के दोष शांत होते हैं। शत्रु बाधा, भूत-प्रेत और नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा मिलती है। आत्मविश्वास और बल की प्राप्ति के लिए भी काल भैरव की पूजा की जाएगी। यदि कालभैरव मंदिर नहीं जा सकते हैं तो घर पर ही काल भैरव का ध्यान करते हुए भैरव चालीसा या काल भैरव अष्टक का पाठ करें। काले कुत्ते को भोजन कराएं। इमरती, उड़द दाल की खिचड़ी या दही-बड़ा का भोग लगाएं।

## जटिल नियमों का ऐसा खेल, स्थानीय और छोटी कंपनियां लगातार टेंडर में हो रहीं फेल

# सुविधा या दुविधा... डॉयल 112 की गाड़ियां हो रहीं कबाड़, 108 की एजेंसी तय नहीं, एक्सटेंशन पर 1099

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इमरजेंसी होने पर सही समय पर लोगों की मदद करने वाली सुविधाओं के संचालन की एजेंसी संबंधित विभागों की लचर व्यवस्था के कारण तय नहीं हो पा रही है। पुलिस की मदद के लिए डॉयल 112 की संचालन एजेंसी दो साल में तय नहीं होने की वजह लगभग 400 गाड़ियां खड़ी-खड़ी कबाड़ में तब्दील हो रही हैं। संजीवनी 108 एंबुलेंस सेवा का टेंडर नियमों के मकड़जाल में ऐसा उलझा है कि एजेंसी तय नहीं हो पा रही है। सरकारी अस्पताल से शव घर तक पहुंचाने वाली डॉयल 1099 की सेवा एक्सटेंशन पर चल रही है। टोल फ्री नंबर पर निशुल्क सुविधा वाले इस सिस्टम को अपडेट करने के लिए नियमों का ऐसा जटिल खेल खेला जा रहा है कि छोटी और स्थानीय कंपनियां टेंडर में फेल रही हैं और आपत्तियों के बीच निशुल्क सेवा का उद्देश्य भी सफल नहीं हो पा रहा है।

- आपातकालीन सेवाओं का हाल-बेहाल, सही समय पर लोगों को नहीं मिल रही मदद

आपातकालीन स्थिति होने पर लोगों को विभिन्न तरह की सहायता प्रदान करने के लिए शासन स्तर पर टोल फ्री नंबर के आधार पर विभिन्न तरह की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के संचालन के लिए शासन निर्धारित मापदंड के आधार पर एजेंसी तय करता है जो अपने संसाधन के आधार पर आम जनता को सुविधा मुहैया कराती है। विभागीय उदासीनता और नियमों के उलझनों की वजह से यह सुविधाएं समय के साथ अपडेट नहीं हो पा रही हैं, जिसका सीधा प्रभाव आम लोगों को मिलने वाली इन जरूरी सुविधाओं पर नजर आ रहा है। इनमें पुलिस की मदद मिलने वाली डॉयल 112, एंबुलेंस सेवा की डॉयल 108, शव वाहन वाली डॉयल 1099 प्रमुख है।

### शव वाहन का काम एक्सटेंशन में

शासकीय अस्पताल में मरीज की मृत्यु हो जाने के बाद शव को घर तक पहुंचाने की सुविधा डॉयल 1099 मुक्ताजंली सेवा के माध्यम से प्रदान की जाती है। इसके लिए राज्य में करीब 200 वाहनों का संचालन किया जाता है। इसे चलाने वाली एजेंसी का काम भी समाप्त हो चुका है और पिछले दो साल से ठेका नहीं होने के कारण पुरानी कंपनी ही गाड़ियों का संचालन कर रही है। इस सुविधा का सबसे बड़ा पेंच यह है कि सुविधा सरकारी अस्पतालों तक सीमित है। निजी अस्पतालों में होने वाली मौत से दुखी परिजनों को शव घर ले जाने के लिए प्रायवेट एंबुलेंस के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं। राज्य में डॉयल 102 महतारी एक्सप्रेस केवल परिवहन सेवा का काम पूरा कर रहा है। इस सुविधा के लिए ठेका करीब दो साल पहले हुआ है।







### 108 सेवा का 6 माह में 3 टेंडर

108 संजीवनी सेवा के संचालन के लिए सीजीएमएससी 6 महीने में 3 बार टेंडर जारी कर चुका है जो बड़े विवादों से घिरा हुआ है। प्रदेश में एंबुलेंस सेवा का संचालन करने वाली दर्जनभर से ज्यादा कंपनियां मौजूद हैं, मगर टेंडर में तय शर्तों पर बाहर की एक कंपनी ही पात्र हो रही है। दो बार टेंडर निरस्त किया जा चुका है और तीसरे टेंडर में केवल एक कंपनी ने भागीदारी निभाई है। विभाग उसे एल-1 मानते हुए संचालन का काम देना चाहता है, मगर उठने वाले विरोध और नियम के विपरीत होने की वजह से ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा है। पिछली कंपनी सालभर पहले अपना कार्यकाल पूरा कर चुकी है। नई एजेंसी तय होने तक मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी उसे निभानी है। इस सुविधा के लिए तय एजेंसी को स्वयं के 300 से ज्यादा एंबुलेंस की व्यवस्था करनी पड़ती है। इसके साथ ही मानव संसाधन और चिकित्सकीय स्टाफ भी नियुक्त करना होता है। विभागीय अधिकारियों का कहना कि टेंडर प्रक्रिया नियमों के अनुसार की जा रही है और उसी आधार पर एजेंसी तय होगी।

### दो साल ठप रहा टेंडर, 102 की गाड़ियां कबाड़ हो रहीं

पुलिस की मदद प्राप्त करने के लिए आम लोगों को टोल फ्री नंबर 112 की सुविधा दी गई है। इस नंबर पर कॉल करने पर रिस्पांस टीम स्पॉट पर पहुंचकर लोगों को मदद उपलब्ध कराती है। जानकारों के मुताबिक वर्ष 2018 से संचालित इस योजना के संचालन की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश की एक कंपनी को दी गई थी। इस दौरान डॉयल 112 की सुविधाओं के विस्तार के लिए वर्ष 2023 के दौरान करोड़ों की लागत से शासन ने 400 नई गाड़ियां खरीदी। टेंडर के दौरान मुंबई की एक कंपनी को एजेंसी तय करने की तैयारी थी फर्जी दस्तावेज का मामले सामने आने के बाद प्रक्रिया ठप हो गई। लगभग दो साल से गाड़ियां कबाड़ जैसी स्थिति में आ चुकी है। फील्ड पर दौड़ने वाली गाड़ियां भी पुरानी हो चुकी है जिसकी वजह से लोगों को सही समय पर मदद नहीं मिल पा रही है। सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों इसके लिए संचालन करने के लिए टेंडर जारी किया गया था। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि इस माह के अंत तक संचालन एजेंसी तय कर दी जाएगी। जारी टेंडर में भी मनचाही कंपनी को लाभ पहुंचाने नियमों में बदलाव किए जाने का आरोप लग चुका है।

### नशेड़ी डीजे वाहन चालक पर कोर्ट ने लगाया 60 हजार जुर्माना



**रायपुर।** शराब के नशे में टुन्न होकर डीजे वाहन चलाते वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने रविवार देर रात कार्रवाई कर वाहन जब्त कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने नशे में वाहन चलाने के आरोप में वाहन मालिक के खिलाफ 60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान वाहन चालक को नशे में गाड़ी चलाते पकड़ा। पुलिस ने गोपीराम मनहरे को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा था। गाड़ी मालिक महिला बीना कौशिक है। डीडीनगर टीआई प्रमोद सिंह घटना दिनांक को पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। इस दौरान पुलिस ने देखा कि एक डीजे सिस्टम लोड गाड़ी काफी लहराकर तेज रफ्तार से सड़क पर दौड़ रही है। पुलिस ने गाड़ी रोककर वाहन चालक की ब्रीथ एनॉलाइजर से जांच की तो वह नशे में धुत मिला। कोर्ट ने वाहन मालिक के खिलाफ जो 60 हजार रुपए जुर्माना लगाया है, इसकी वजह गाड़ी का परमिट समाप्त हो गया है। डीजे लगाने वाहन मालिक ने बॉडी के बाहर एंगल वेल्डिंग कराया था। साथ ही डीजे काफी ऊंचाई तक लगाया गया था। वाहन को मोडिफाई किया गया था। इस तरह से रजिस्ट्रेशन की शर्तों का उल्लंघन करने तथा वाहन में प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र नहीं होने पर कोर्ट ने 60 हजार रुपए जुर्माना किया।

# गिरफ्तारी के डर से अलग हुए तोमर बंधु, दो दर्जन ज्यादा सिम यूज किए, 5 मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सूदखोर विरेंद्र तोमर की पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की पुलिस रिमांड 14 नवंबर तक लिया है। पुलिस पूछताछ में वीरेंद्र तोमर किसी प्रकार से सहयोग नहीं कर रहा। पुलिस ने वीरेंद्र तोमर के कब्जे से पांच मोबाइल जब्त किया है। इसके साथ ही सूदखोर वीरेंद्र द्वारा फरारी के दौरान फर्जी नामों से दो दर्जन से ज्यादा सिम कार्ड इस्तेमाल करने की पुलिस को जानकारी मिली है। पूछताछ में वीरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि फरारी के दौरान शुरू में दोनों भाई एक साथ रहे। इसके बाद पकड़े जाने के भय से दोनों भाई एक दूसरे से अलग हो गए। फरारी के दौरान सूदखोर भाइयों को किन लोगों से मदद मिलती थी, पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने की बात कह रही है। फरारी के दौरान वीरेंद्र तोमर पैसों की कहां से व्यवस्था करता था। इस बात की जानकारी पुलिस को अब तक नहीं मिल पाई है।




### 15 दिन में जगह बदल देता था

पुलिस को चकमा देने तोमर 15 दिन में जगह बदल देता था। फरारी के दौरान विरेंद्र तोमर मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में रहा है। पूछताछ में वीरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसका अपने छोटे भाई के साथ पिछले दो महीने से संपर्क नहीं हुआ है।

### परिजनों के लगातार संपर्क में

पुलिस को जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वीरेंद्र रायपुर में अपने परिजनों के साथ वकील तथा अन्य लोगों के संपर्क में था। संपर्क करने वह अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल करता था। तोमर को उसके परिजन तथा करीबी उसके खिलाफ हो रहे हर गतिविधि की जानकारी देते थे। लगातार सिम बदलते रहने से विरेंद्र तोमर का पुलिस लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रहा था।


### फर्जी नामों से फेसबुक, इंस्टाग्राम से जानकारी

वीरेंद्र तोमर फेक अकाउंट बनाकर पुलिस की गतिविधियों तथा उसके खिलाफ पुलिस द्वारा दिए गए बाइट की जानकारी हालिस करता था। साथ ही पुलिस के फेसबुक तथा इंस्टाग्राम अकाउंट से जुड़ा था।

### करोड़पतियों की कालोनी में छिपा था सूदखोर

विंडसर हिल्स टाउनशिप ग्वालियर की पॉश और हाई सिक्योरिटी कालोनी मानी जाती है, जहां करोड़ों रुपए के फ्लैट हैं। यहां नेताओं, अफसरों और बड़े व्यापारियों के घर हैं। सवाल उठ रहा है कि इतनी महंगी कालोनी में तोमर कैसे और किसके माध्यम से रह रहा था। माना जा रहा है कि तोमर को मदद करने कई प्रभावशाली लोगों की भूमिका सामने आ सकती है।

# सरगुजा शीतलहर की चपेट में जोरदार ठंड से कांपी राजधानी माना में पारा 13 तक पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तरी हवा के आने और मध्यप्रदेश के ऊपर बने एंटी साइक्लोन की वजह से प्रदेश में जोरदार ठंड की शुरुआत हो चुकी है। पिछले तीन दिन से सरगुजा संभाग के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर चल रही है और पिछले चौबीस घंटे में शहर में भी जोरदार ठंड पड़ने लगी है। माना में तो रात का तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम होकर 13 तक पहुंच गया, जिससे वहां शीतलहर जैसी स्थिति बन गई है। ठंड के इस प्रभाव में अगले पांच दिनों तक बहुत ज्यादा कमी आने की संभावना नहीं है। प्रदेश में नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का आगाज हो चुका है और पूरे प्रदेश में इसका प्रभाव नजर ▶▶| शेष पेज 13 पर

- अगले पांच दिन अच्छी ठंड कायम रहने के आसार, दिन का पारा भी उतरा

# 10% आरटीई छात्र प्रतिवर्ष छोड़ रहे पढ़ाई, निजी स्कूल नहीं दे सकेंगे इन्हें टीसी, प्रताड़ना की होगी जांच

## लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश प्राप्त करने वाले पहली से आठवीं कक्षा तक के 10 प्रतिशत छात्र प्रतिवर्ष स्कूल छोड़ रहे हैं। लोक शिक्षण संचालनालय के पोर्टल में अपडेट किए गए आंकड़ों के आधार पर ये जानकारी सामने आई है। ड्राप आउट छात्रों की संख्या कम करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा नवीन आदेश जारी किया गया है। इसके मुताबिक, अब निजी स्कूल इन छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र अर्थात टीसी प्रदान नहीं कर सकेंगे। छात्रों की पढ़ाई पूर्ण होने की स्थिति में ▶▶| शेष पेज 13 पर

- नोडल प्राचार्य की सहमति के बाद ही मिल छात्र को दे सकेंगे स्कूल छोड़ने की अनुमति




### पालकों से पूछेंगे कारण

गौरतलब है कि निजी स्कूलों की मॉनिटरिंग के लिए उस क्षेत्र के शासकीय विद्यालय के प्राचार्य को नोडल प्राचार्य नियुक्त किया जाता है। छात्र द्वारा मांगी गई टीसी की जानकारी निजी स्कूलों को अपने नोडल प्राचार्यों को देनी होगी। नोडल प्राचार्य ऐसे बच्चों और उनके पालकों की काउंसिलिंग करेंगे। उनसे पूछा जाएगा कि वे किन कारणों अथवा परिस्थितियों में अपने बच्चे को स्कूल से निकालना चाह रहे हैं। यदि पालक द्वारा बताया गया कारण सही प्रतीत होता है तो उस कारण का उल्लेख करते हुए नोडल प्राचार्य द्वारा निजी स्कूल को टीसी प्रदान करने अनुमति प्रदान की जाएगी।

### तैयार होगी रिपोर्ट

यदि छात्रों व पालकों की काउंसिलिंग में निजी विद्यालयों द्वारा किसी तरह की प्रताड़ना की बात सामने आती है तो इसकी रिपोर्ट नोडल प्राचार्य तैयार करेंगे। इस रिपोर्ट को जिला शिक्षा कार्यालय में प्रेषित कर नियमानुसार निजी स्कूलों पर कार्रवाई करने कहा गया है। लगभग प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों द्वारा आरटीई के तहत प्रवेशपत्र बच्चों संग दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आती रही हैं। गरीब छात्रों को सामान्य छात्रों से अलग बैठाए जाने, शाला परिसर में भेदभावपूर्ण व्यवहार किए जाने के कारण गरीब छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। बड़े स्कूलों में ड्रॉप आउट के मामले अधिक हैं।

# दिल्ली धमाके के बाद राजधानी समेत प्रदेशभर में हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए बम विस्फोट के बाद राजधानी सहित प्रदेशभर में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें, जिसमें डॉग स्क्वायड की टीम भी शामिल है, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल समेत ▶▶| शेष पेज 13 पर



## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# आवास मेले में दो हजार करोड़ की नई आवासीय योजनाओं की होगी शुरुआत

## रायपुर में 23 से 25 नवंबर तक होगा राज्य स्तरीय आवास मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा प्रदेशवासियों को सुलभ और किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी. चौधरी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में 23 से 25 नवम्बर 2025 तक राज्य स्तरीय आवास मेला आयोजित किया जाएगा।

इस मेले में प्रदेशभर की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की विस्तृत जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। साथ ही, आवासीय योजनाओं की स्पॉट बुकिंग सुविधा, बैंक ऋण सहायता तथा पंजीकरणकर्ताओं के लिए आकर्षक उपहार जैसी विशेष व्यवस्थाएँ भी की जाएँगी।

### 2 हजार करोड़ की नई आवासीय योजनाएं

इस दौरान हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 2000 करोड़ रुपए की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इन योजनाओं में लगभग 70 प्रतिशत आवासीय संपत्तियां समाज के कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी।



### हर परिवार को पक्का घर : चौधरी

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य हर परिवार को अपना पक्का घर उपलब्ध कराना है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा आयोजित यह राज्य स्तरीय आवास मेला प्रदेशवासियों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि वर्ष 2027 तक प्रत्येक परिवार के पास अपना पक्का छत हो।सिंहदेव ने कही ये बात छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि राज्योत्सव में जनता से मिला उत्साहजनक प्रतिसाद इस बात का प्रमाण है कि लोगों का हाउसिंग बोर्ड की योजनाओं पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

### सपनों को आकार देने का उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। गृह निर्माण मंडल द्वारा दो हजार करोड़ रुपए की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ प्रदेश की आवासीय विकास यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगा और समाज के कमजोर वर्गों से लेकर मध्यम आय वर्ग तक के परिवारों को किफायती दरों पर सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराएगा। राज्य स्तरीय आवास मेला केवल घरों का नहीं, बल्कि सपनों को आकार देने का उत्सव है, जहां हर परिवार अपने भविष्य की नई नींव रखेगा।

## खबर संक्षेप



### एसटी आयोग अध्यक्ष मंडावी मिले राज्यपाल रमेन डेका से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में जनजाति समाज के विकास की जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शरद अवस्थी, पार्षद संग्राम सिंह राणा मौजूद थे।

### वंदेमातरम का महापौर आयोग, बोर्ड की नेत्रियों ने किया सामूहिक पाठ



**रायपुर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में देवेंद्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्यालय में वंदेमातरम राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ पर विभिन्न समाज की महिला प्रमुख, संस्था प्रमुख और स्कूली बच्चों की उपस्थिति में राष्ट्र गीत का सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम में महापौर, आयोग, बोर्ड की अध्यक्ष भी शामिल हुईं। महापौर मीनल चौबे ने कहा, यह गीत मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम, कृतज्ञता और राष्ट्रधर्म की भावना का शाश्वत प्रतीक है। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीगीत 'वंदे मातरम्' के वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया है। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा रहा है, जिसने सदैव राष्ट्रीय गौरव, एकता और आत्मसम्मान की ज्योति प्रज्ज्वलित की है।

### उत्तम जायसवाल आप के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष

**रायपुर।** उत्तम जायसवाल को आम आदमी पार्टी का कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। सोमवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया। प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक और प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत द्वारा जारी पत्र में उत्तम जायसवाल को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई है। वर्तमान में आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू हैं।



### उद्घोषणा

**क्रमांक10545/आरसी./रा.वि.प्रा./ 2025**
**रायपुर दिनांक 14/10/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्रीमती प्रमिला झा पति स्व. अयोध्या दत्त झा को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए–06 रकबा 86.25 वर्गमीटर सेक्टर 10 में आबंटित हैं। क्रेता श्री गुमान सिंह पिता श्री नाथु राम निवासी - बी-1/177, विनीत खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उत्तरप्रदेश)-226010 उक्त भूखण्ड को दिनांक 03.07.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नही होगा ।
दिनांक .............को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

## मुख्यमंत्री ने गुजरात के नेमटेक कॉलेज का किया दौरा

# छत्तीसगढ़ में हर साल दस हजार युवा सीखेंगे आधुनिक तकनीक, आईटीआई कॉलेजों में आएगा बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित नेमटेक का भ्रमण किया। यह संस्थान मैन्यूफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की पढ़ाई को नवीन और आधुनिक तरीके से सिखाने के लिए जाना जाता है। कॉलेज प्रबंधन ने यह भी बताया कि वे छत्तीसगढ़ में भी इसी प्रकार सहयोग करने के इच्छुक हैं, ताकि राज्य के आईटीआई कॉलेज भी आधुनिक बन सकें। योजना है कि कुछ कॉलेजों को जोड़कर एक नेटवर्क मॉडल तैयार किया जाए, जहां एक कॉलेज नई तकनीक में दक्ष हो और वही ज्ञान अन्य कॉलेजों तक पहुंचाए। यह नया मॉडल छत्तीसगढ़ में लागू होने से हर वर्ष लगभग 10,000 से अधिक युवाओं को नई तकनीक और आधुनिक उद्योगों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकेगा।

इससे छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा। वे मशीनों, ऑटोमेशन और नई इंजीनियरिंग विधियों की गहराई से समझ विकसित कर सकेंगे। इस प्रकार उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे देश के बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स में कार्य करने के लिए तैयार हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, गुजरात महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पवित्र भूमि है, जिसने पूरे देश को विकास, आत्मनिर्भरता और नवाचार का संदेश दिया है। उन्होंने कहा, वे चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ में भी ऐसे संस्थान स्थापित हों, जहां युवाओं को आधुनिक तकनीक और औद्योगिक प्रशिक्षण का अवसर मिले। उन्होंने कहा, राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार, तकनीकी ज्ञान और उद्योगों से जोड़ने की दिशा में तेज़ी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कॉलेज पहुंचकर वहाँ की शिक्षण पद्धति, आधुनिक प्रयोगशालाएं और तकनीकी सुविधाएं ध्यानपूर्वक देखीं। उन्होंने छात्रों से बातचीत की और यह जाना कि वे किस प्रकार प्रोजेक्ट्स और मशीनों पर कार्य करते हुए व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।



**राज्य के आईटीआई कॉलेजों को विकसित करने की योजना**

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनके अनुभवों और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब राज्य के आईटीआई कॉलेजों को इस तरह विकसित करने की योजना है, जिससे युवाओं को स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई तकनीकों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में आधुनिक मशीनें और डिजिटल प्रशिक्षण सुविधाएं शुरू की जाएंगी, ताकि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ वास्तविक कार्य कौशल भी विकसित कर सकें। उन्होंने कहा, विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के सचिव एस भारतीदासन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### साय ने गुजरात के मुख्यमंत्री साय से की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गांधीनगर स्थित मुख्यमंत्री आवास में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों ने परस्पर सहयोग एवं विकास के अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने श्री पटेल को बस्तर की लोककला और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक गौरव पर आधारित बस्तर आर्ट तथा "बस्तर दशहरा" की कॉफी टेबल बुक भेंट की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने भविष्य में गुजरात और छत्तीसगढ़ के बीच विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को और सशक्त करने पर सहमति व्यक्त की।

### आज अहमदाबाद में 'इन्वेस्टर कनेक्ट'

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा 11 नवंबर को अहमदाबाद में "इन्वेस्टर कनेक्ट" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य गुजरात के उद्योग जगत के साथ औद्योगिक साझेदारी को मज़बूत करना और दोनों राज्यों के बीच निवेश व व्यापारिक अवसरों का विस्तार करना है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के बढ़ते औद्योगिक इकोसिस्टम, प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और निवेश-अनुकूल प्रशासनिक ढांचे को प्रदर्शित करेगा। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर विभिन्न सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं, निवेशकों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर की विशेषताओं पर प्रस्तुति देंगे।

## समीक्षा बैठक

# अवैध धान परिवहन रोकने 5 चेक पोस्ट उड़नदस्ता टीम में 43 कर्मियों की तैनाती



*बैठक में ये रहे उपस्थित : बैठक में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, जिला कोऑपरेटिव बैंक सीईओ आपेक्षा व्यास, डीएमओ जसबीर सिंह बघेल, नान डीएम विनोद बुधिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के दौरान पूर्व में कई जिलों में अवैध धान परिवहन के मामले सामने आ चुके हैं। इसके मद्देनजर रायपुर जिले में धान खरीदी के दिनों तक अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए जिले के चारों तरफ सीमाओं पर 5 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, वहीं उड़नदस्ता टीम बनाई गई हैं, जिसमें 43 कर्मियों को शामिल किया है। इसके साथ ही संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील उपार्जन केंद्रों को चिन्हांकित कर प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो धान की गुणवत्ता जांच से लेकर उठाव व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

### अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने तैयारियों की ली बैठक

धान खरीदी की तैयारियों को लेकर सोमवार को अपर मुख्य सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव ऋचा शर्मा ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषकों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने, अधिकारियों से कहा कि कोचियों एवं अवैध धान विक्रय-परिवहन पर निगरानी रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें, जिससे इसे रोका जा सके। इसके साथ ही खरीदी में धान की गुणवत्ता तथा तेजी से धान का उठाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### 139 उपार्जन केंद्रों में होगी खरीदी

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकृत किसानों का धान खरीदी के लिए 139 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने सभी उपार्जन केंद्रों में धान गुणवत्ता की जांच एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था कराने के लिए दलों का गठन किया है। इन दलों के अध्यक्ष क्षेत्र के तहसीलदार बनाए गए हैं।

# एसआईआर पर कांग्रेस का बीजेपी और चुनाव आयोग पर निशाना, तीन माह समय सीमा बढ़ाने की मांग

## एसआईआर की निगरानी पार्टी खुद करेगी, ताकि किसी मतदाता का नाम गलत ढंग से न काटा जा सके : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर सियासत तेज़ हो गई है। कांग्रेस ने सरकार और भाजपा पर आरोप लगाया है कि वे निर्वाचन आयोग के काम को राजनीतिक एजेंडा में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा, एसआईआर की निगरानी पार्टी खुद करेगी, ताकि किसी मतदाता का नाम गलत ढंग से न काटा जा सके। साथ ही दस्तावेज़ जमा करने की समयसीमा एक माह से बढ़ाकर तीन माह करने की मांग भी की गई है।

राजीव भवन में संवाददाताओं से कांग्रेस एसआईआर निगरानी समिति के संयोजक मोहन मरकाम ने कहा, एसआईआर की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह कार्य किसी राजनीतिक दल का एजेंडा न लगे। एसआईआर का काम विशुद्ध रूप से आयोग का दिखना चाहिए, न कि सरकार या दल विशेष का एजेंडा प्रदर्शित हो। बीएलओ को हर घर भौतिक रूप से जाना चाहिए और मतदाता से लिखित पुष्टि लेनी चाहिए ताकि फर्जी सर्वे की संभावना खत्म हो।



### इलेक्ट्रॉनिक डेटा सभी दलों को देने की मांग

कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि मतदाता सूची का इलेक्ट्रॉनिक डेटा सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराया जाए। मरकाम ने कहा, किसी भी संशोधन से पहले सभी दलों के बीएलए से चर्चा होनी चाहिए। किसी नागरिक से मतदान का अधिकार छीनना लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है। उन्होंने कहा, अगर किसी मतदाता का नाम सूची से हटाया जाता है, तो उसकी अपात्रता साबित करने की ज़िम्मेदारी आयोग की होनी चाहिए, न कि मतदाता की।

### सरकार और भाजपा पर मिलीभगत का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर सीधे आरोप लगाए कि वह निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाता सूची में हेराफेरी कर रही है। श्री मरकाम ने कहा, अगर एसआईआर चुनाव आयोग का काम है, तो सवालों का जवाब आयोग दे। भाजपा किस हैसियत से जवाब दे रही है? क्या भाजपा आयोग की प्रवक्ता बन गई है? उन्होंने आयोग से मांग की है कि वह भाजपा से स्पष्टीकरण मांगे कि एसआईआर से जुड़े सवालों का जवाब देने का अधिकार उसे किसने दिया।

### दस्तावेज जमा करने की समय सीमा बढ़ाई जाए : धनेंद्र

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं एसआईआर सह-संयोजक धनेन्द्र साहू ने कहा, वर्तमान में किसानों के पास दस्तावेज़ सत्यापन के लिए पर्याप्त समय नहीं है। उन्होंने कहा, अभी धान कटाई का समय चल रहा है, किसानों को सोसाइटी में धान बेचने जाना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में अभी चुनाव दूर है, इसलिए एसआईआर में जल्दबाजी न हो। अभी धान कटाई का समय है, एसआईआर के लिए कम से कम 3 महीने का समय दिया जाना चाहिए।

### जिला कांग्रेस ब्लॉक के माध्यम से करेगी निगरानी

एसआईआर को लेकर जिला कांग्रेस रायपुर की महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन में हुई। बताया गया है कि ब्लॉक कांग्रेस की आवश्यक बैठक कर निचले स्तर पर मंडल कमेटी एवं सेक्टर और बूथ कमेटी को लगातार निगरानी करने का निर्णय लिया गया। बीएलओ जो शासकीय कार्य कर रहे हैं, हमारे बीएलए लगातार साथ में रहकर कार्यों का निरीक्षण करें। सभी गांवों में प्रमुख कांग्रेसी खुद अपने अपने बूथों में जाकर लोगों को जागरूक करें। कोई गलत कार्य होने पर संबंधित अधिकारी को जानकारी देकर रोकने का कार्य करें। बैठक में रायपुर लोकसभा के एसआईआर के लिए कांग्रेस के लिए प्रभारी नियुक्त शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूरे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सभी ब्लॉकों में आवश्यक बैठक कर दिशा निर्देश दिए।

### ये थे मौजूद

बैठक में नंदलाल देवांगन महापौर, ब्लॉक अध्यक्ष गण कोमल साहू, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, गिरधारी साहू, विद्या भूषण सोनवानी, बलदाऊ साहू, भावेश बघेल, जिला कांग्रेस के अश्वनी वर्मा, चुरामणि साहू, हरिश्चंद वर्मा, रंजीत गायकवाड़, डॉ श्रवण निषाद, कैलाश जायसवाल, राजू यादव,चोवा साहू,लक्ष्मी साहू, श्याम लाल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों को एक बार पकड़ने के बाद वापस सड़क पर नहीं छोड़ना है, भोजन का इंतजाम भी करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आवारा कुत्तों को लेकर शहर गांव की गलियों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक चल रहे हाहाकार के बीच एक फरमान आया है कि आवारा कुत्तों को एक बार पकड़ लेने के बाद और उनका उपचार करने के बाद किसी भी हालत में उन्हें वापस सड़क पर न छोड़ा जाए। उन्हें आश्रय स्थल में रखा जाए। यही नहीं, ये निर्देश भी दिया गया है कि निकाय क्षेत्र के हर वार्ड में कुत्तों के लिए भोजन स्थान स्थापित किया जाए। पशु प्रेमी अगर चाहें, तो आवारा कुत्तों को गोद ले सकते हैं।

इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया है। खास बात ये है कि ये आदेश सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों को लेकर दायर याचिका में पारित निर्णय के अनुपालन में ये दिशा निर्देश दिए गए हैं। आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण, टीका करण व डिवर्मिंग करके उनके स्थान पर छोड़ दिया जाने। निकायों में पर्याप्त मात्रा के लिए शेल्टर हाउस की व्यवस्था की जाए।




- पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को ले सकते हैं गोद
- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पालन में ये करना है

### रेबिज ग्रस्त

रेबिज की संभावना से ग्रस्त तथा आक्रामक आवारा कुत्तों का बधियाकरण, टीकाकरण व डिवर्मिंग किया जावे तथा ऐसे आवारा कुतों को एक बार पकड़ लेने और उसका उपचार कर के किसी भी स्थिति में उन्हें वापस सड़क पर नहीं छोड़ा जाए। उनको आश्रय स्थल में रखा जाए। निकाय के क्षेत्र के अंतर्गत हर वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए एक चिन्हांकित भोजन स्थान स्थापित किया जाए। चिन्हांकित स्थल का संकेतक तथा आहार दिशा निर्देश के उल्लंघन करने पर रिपोर्ट के लिए हेल्पलाइन निदान 1100 में शिकायत दर्ज करवाई जाए। हर निकाय में आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए एक हेल्पलाइन जारी करने भी कहा गया है।

### पशु प्रेमी आवारा कुत्ते को गोद ले सकते हैं

*इसी निर्देश में ये भी कहा गया है कि जो भी पशुप्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लेना चाहते हैं, उनसे आवेदन लेकर आवारा कुत्तों की टैगिंग कर उनको सशर्त सौंप दिया जाए। इसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख हो कि आवारा कुत्तों को सड़क पर नहीं छोड़ा जाएगा।*

# कांग्रेस ने गलत तरीकों से मतदाताओं के नाम जुड़वाए : विजयशंकर मिश्रा

**भाजपा चाहती है निश्चित रूप से मतदाता सूचियों का गहन परीक्षण और पूर्ण शुद्धिकरण हो**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तीन माह का समय बढ़ाने की मांग किए जाने पर कहा, कांग्रेस के लोगों ने प्रदेश के अनेक विधानसभा क्षेत्रों में गलत ढंग से मतदाताओं के नाम जुड़वाए हैं और कांग्रेस के संरक्षण में कई मतदाताओं के दो-दो, तीन-तीन विधानसभा क्षेत्रों में नाम जोड़े गए हैं। इतना ही नहीं, एक ही विधानसभा क्षेत्र के दो-दो बूथ में कांग्रेस के लोगों ने नाम जुड़वाए हैं। डॉ. मिश्रा ने सोमवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा चाहती है कि निश्चित रूप से मतदाता सूची का गहन परीक्षण और पूर्ण शुद्धिकरण हो। डॉ. मिश्रा ने कहा, एसआईआर चुनाव आयोग की निरंतर जांच प्रक्रिया है और इससे वह मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करती है। इसके लिए चुनाव आयोग सभी दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराता है। उस समय तो कांग्रेस के लोग सब कुछ ठीक बताते हैं और बाद में फर्जी मतदाता, फर्जी मतदान और वोट चोरी का दुष्प्रचार करते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस के लोग संविधान की किताबें तो खूब लहराते हैं लेकिन उसे पढ़ते नहीं है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। वोट चोरी का आरोप भाजपा पर मढ़ा जा रहा है तो उसका जवाब भाजपा ही देगी। दरअसल वोट चोरी जैसी जुमलेबाजी करके कांग्रेस बीएलओ और अपने बीएलए पर अविश्वास करके सरकार और मतदाताओं को गलत ठहरा रही है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**




## 50 महिलाएं जगन्नाथपुरी तीर्थाटन के लिए रवाना

**धरसींवा/सिलयारी।** धरसींवा में आज एक अत्यंत प्रेरणादायक और धार्मिक क्षण देखने को मिला, जब स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने 'दिशा दर्शन योजना' के अंतर्गत जगन्नाथ पुरी की तीर्थ यात्रा पर जा रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रथम चरण में, क्षेत्र की 50 महिलाओं को उनके आध्यात्मिक सपनों को पूरा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर अनुज शर्मा ने सभी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि 'दिशा दर्शन योजना' के तहत तीर्थ यात्रियों को यात्रा, भोजन और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएँ सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

## परमेश्वर साहू समाज के मीडिया प्रभारी बने



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम भुरसुदा निवासी परमेश्वर साहू को तहसील साहू संघ तिल्दा युवा प्रकोष्ठ का मिडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा हमें पुरा विश्वास हैं कि परमेश्वर सामाजिक संविधान एवं आचार संहिता के अनुरूप सदाचरण अपनाते हुए सभ्य सुशिक्षित एवं समृद्ध समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस नियुक्ति से ग्रामीण साहू समाज में हर्ष का माहौल है।

## पूर्व सीएम बघेल का किया गया स्वागत



**अभनपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के दो दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान सिग्नल चौक अभनपुर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री फतीस साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल को पुष्पमालाएं एवं जनेऊ पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान पन्नालाल नवरनंगे डोमेन्द्र साहू,कन्हैया शर्मा, सोनजीत ध्रुव, जयवर्धन बघेल, मनीसेन गहिरवारे, दीपक कोशरिया,कमलेश बघेल, लोकेश साहू,नीलेश साहू,कुलदीप साहू,राजेन्द्र साहू,प्रिंस भारती,ओमदास गिलहरे, आकाश नवरनंगे, पंकज साहू, विक्कू देवांगन सहित कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक स्पर्धा में 427 प्रतिभागी होंगे शामिल

**रायपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन जशपुरनगर में 12 से 15 नवंबर तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में किया जाएगा।

# एनसीसी छात्रों को प्रशिक्षण में व्यक्तित्व विकास के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

27 छत्तीसगढ बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल सुभाष महतो के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एनसीसी के द्वारा प्रतिवर्ष छात्र सैनिकों को दिया जाने वाला वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सीनियर डिविजन व सीनियर विंग एवं जूनियर डिविजन व जूनियर विंग का 148 वा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लखौली आरंग में कैंप कमाडेंट कर्नल सौरभ कुमार के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। ओपनिंग एड्रेस में कैंप कमांडेंट कर्नल सौरभ कुमार ने बच्चों को अपने व्यक्तित्व विकास पर फोकस करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी के द्वारा हम अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकते हैं और इसके माध्यम से समाज और राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। यह एक अनुशासित संगठन है और इसमें प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को विभिन्न संगठनों के द्वारा रोजगार प्रदान की जाती है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा के लिए हमें अपने समग्र विकास पर ध्यान देना होगा।

**लखौली में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 148 का हुआ शुभारंभ**



### 520 कैडेट शामिल

प्रथम दिवस शिविर में शामिल होने आए समस्त छात्र सैनिकों का दस्तावेज परीक्षण व जांच उपरांत उन्हे शिविर में शामिल किया गया। विदित हो कि बटालियन कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालयों से कुल 520 कैडेट शामिल हो रहे हैं। दस्तावेज परीक्षण में प्रमुख रूप से सूबेदार मेजर सत्यवर्त सिंग, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार रवि कुमार, बीएचएम हवलदार मन बहादुर, एमटी जेसीओ सुबेदार बलबीर सिंग, बायोमैट्रिक थंब वेरिफिकेशन हवलदार सागर ने किया। साथ ही बटालियन के लिपिक वर्ग में प्रमुख लिपिक संतोष ओटवानी, सुमन कोसले व नरेंद्र बारले शामिल रहे। विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यालय से 10 एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर जिनमे कैप्टन दुष्यंत ध्रुवा, लेफ्टीनेंट प्रकाश राय, थर्ड आफिसर विवेक वर्मा, थर्डऑफिसर रीता शुक्ला, थर्डऑफिसर हर्ष भमबोरे, थर्डऑफिसर तोष राम ध्रुव, थर्ड ऑफिसर मंजूनाथ, थर्ड ऑफिसर वासुदेव शर्मा, थर्ड ऑफिसर हर्ष कुमार रात्रे, जीसीआई दिव्या यादव, केयर टेकर रवि वर्मा साथ ही बटालियन के अन्य पी आई स्टाफ सक्रिय रूप से शामिल रहे। ज्ञात हो कि दस दिवसीय इस शिविर में छात्रों को पीटी, ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फायरिंग, फील्ड क्रॉप एवं बैटल क्रॉप, के अलावा एनसीसी पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों की जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथैरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी ने की मंत्री खुशवंत से मुलाकात

# सतनामी समाज और छग की हर बेटी में असीम ऊर्जा एवं प्रतिभा : खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री, आरंग विधायक एवं सतनामी समाज के गुरु गुरु खुशवंत साहेब से आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथैरेपिस्ट एवं स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ सुश्री आकांक्षा सत्यवंशी जी ने उनके नवीन आवास एम 3, नवा रायपुर में सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान आकांक्षा सत्यवंशी ने गुरुगद्दी की पूजा-अर्चना कर गुरु खुशवंत साहेब को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया सम्मानित

गुरु खुशवंत साहेब ने भी गुरु धर्म का निर्वहन करते हुए शुभाशीष प्रदान किया और शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक विश्वकप जीत में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि आकांक्षा सत्यवंशी जी ने अपने परिश्रम, लगन और निष्ठा से यह सिद्ध किया है कि प्रतिभा को अवसर मिले तो वह विश्व मंच पर भी छत्तीसगढ़ और भारत का नाम रोशन कर सकती है। वे न केवल छत्तीसगढ़ की बेटी हैं, बल्कि सतनामी समाज की भी गौरव हैं। उन्होंने आगे कहा कि आकांक्षा जैसी बेटियाँ छत्तीसगढ़ की नई दिशा और समाज की नई प्रेरणा हैं, जो यह संदेश देती हैं कि समर्पण और शिक्षा के बल पर हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### विश्व स्तर पर समाज और प्रदेश का गौरव बढ़ा

गुरु खुशवंत साहेब ने आगे कहा कि सतनामी समाज और छत्तीसगढ़ की हर बेटी में असीम ऊर्जा और प्रतिभा है। हमें उन्हें अवसर, सम्मान और मंच देना होगा ताकि वे विश्व स्तर पर समाज और प्रदेश का गौरव बढ़ा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में खेल और युवा सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में खेल अकादमियों, खेल विज्ञान केंद्रों और खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि हमारे युवा और खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस दौरान मंत्री ने आकांक्षा से आग्रह किया कि वे अपने अनुभवों से प्रदेश के खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों को खेल और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन दें, जिससे राज्य और समाज दोनों का नाम गौरवान्वित हो।

# गैस की अवैध रिफिलिंग से खौफ शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

गांव सांकरा में अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों के जीवन में खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई है। सरपंच घर के आसपास से लेकर माघी तालाब तक फैले इस अवैध कारोबार ने गांव को बारूद के ढेर में बदल दिया है। जरा सी चूक पर यहां विस्फोट की आशंका बनी हुई है ग्राम सांकरा के निवासी घरेलू सिलेंडरों से असुरक्षित गैस रिफिलिंग के कारण भयभीत हैं इससे स्कूली बच्चों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय निवासी ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध गैस रिफिलिंग पर रोक लगाई जाए और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

- माघी तालाब के पास खुलेआम अवैध कारोबार, दुर्गंध से लोग परेशान

### शिकायत की उपेक्षा

हेमंत कुमार बंजारे ने पंच ग्राम पंचायत सांकरा ने बताया कि कई बार सिलेंडर की रिफिलिंग की शिकायत कर चुके हैअभी तक कार्रवाई नहीं हुआ मैंने कलेक्टर जन चौपाल /5/9/2025 शिकायत किया था और उन्होंने बताया कि हाल ही में ग्राम धनेली में गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुआ था जिसमें किसी प्रकार का हानि नहीं हुआ।

### जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी

भूपेंद्र मिश्रा खाद्य नियंत्रक रायपुर ने कहा सिलेंडर गैस से रिफिलिंग करना जो पूर्ण रूप से गैर कानूनी है। इसकी शिकायत मुझे नहीं है मैं जांच करवा कर कार्रवाई करवाता हूं।

## पुरुषोत्तम नपं कूंरा के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**धरसींवा।** विधायक अनुज शर्मा ने नगर पंचायत कुरा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष पुरुषोत्तम यादव को नगर पंचायत कुरा के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री यादव को क्षेत्र में एक अनुभवी नेता के रूप में जाने जाते हैं। विधायक प्रतिनिधि के तौर पर श्री यादव अब विधायक और स्थानीय निवासियों के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेंगे, जिससे कुरा की समस्याओं और विकास योजनाओं का निराकरण जल्द हो सकेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने विधायक के इस निर्णय का स्वागत किया है।

# ट्रामा यूनिट पर रखी सड़ी लाश की दुर्गंध, मरीज व परिजन हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर मे 9 नवम्बर की रात राखी पुलिस द्वारा अस्पताल के नवनिर्मित ट्रामा यूनिट मे लावारिस शव को रखकर चले गये। लावारिस शव सड़ गल चुका था अस्पताल मे दुर्गन्ध फैलने से वहां भर्ती मरीजो व परिजनो को रात बीतना मुश्किल हो गया वही सुबह ओपीडी के लिए पहुंचे सैकड़ो मरीज दुर्गन्ध से इधर उधर भागते नजर आये। जबकि पुराने अस्पताल भवन मे शव को रखने मर्चुरी की अलग से व्यवस्था है तथा ज्यादा पुराने शव को पोस्टमार्टम वाले स्थान पर रखवाया जाता है लेकिन राखी थाना पुलिस की घोर लापरवाही करते शव को अस्पताल से लगे हुये नया ट्रामा यूनिट जिसका अभी उद्घाटन भी नही हुआ है उसी रूम मे रखकर चले गये सुबह पूरे कैपस मे दुर्गन्ध फैली हुई थी। परिजनो के हंगामा के बाद बीएमओ अभनपुर द्वारा राखी थाना व अभनपुर थाना मे शिकायत कर शव को हटाने के लिए सूचना देने के बाद भी 12 बजे तक शव को नही हटाया गया जिससे पूरे अस्पताल मे अफरा तफरी का माहौल रहा। इस संबंध मे वार्ड पार्षद व पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने कहा कि अस्पताल मे भर्ती मरीजो व परिजनो को रात मे बाहर बैठ कर रात गुजारनी पड़ी है तथा सुबह ओपीडी के लिए पहुंचे कई मरीज दुर्गन्ध के कारण उल्टी होने के कारण उनकी और तबीयत बिगड़ी लगी जिन्हे निजी अस्पताल मे जाना पड़ा यह अस्पताल के कर्मचारियो की भी लापरवाही है शव को रखने वहां मना करना था वही शव को लेकर पहुंचे पुलिसकर्मियो की बड़ी लापरवाही है इस गंभीर विषय पर उच्च स्तरीय जांच कर दोषी व्यक्तियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। इस संबंध मे राखा थाना पुलिस से दूरभाष से चर्चा करने का प्रयास किया गया लेकिन जवाब नही मिला।

# 132 लीटर शराब जब्त, ओवर रेट पर पांच पर कार्रवाई की


हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा आबकारी वृत्त अधिकारी मेघा मिश्रा ने विशेष जानकारी देते हुए बताया कि सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर संगीता , कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देशन व प्रभारी उपयुक्त आबकारी राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में शराब को शासन द्वारा निर्धारित दर और मात्राओं में विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया है, राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मदिरा विक्रय की मात्रा बढ़ाई गई है। और दाम कम किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई शराबों के ब्रांड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। साथ ही मदिरा प्रेमियों की देशी मदिरा मसाला शोले मांग के अनुरूप उपलब्ध नहीं है, परंतु आगे विभाग द्वारा इसमें एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। देशी शराब में कई अन्य ब्रांड बढ़ाएं हुए है। शोले के साथ साथ समस्त ब्रांड को बिक्री करने विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए है। साथ ही आबकारी वृत्त तिल्दा नेवरा अधिकारी मेघा मिश्रा ने बताया कि अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई निरंतर जारी है। दुकानों में लगे सीसीटीवी का निरंतर अवलोकन किया जा रहा है,और शासन के नियम विरुद्ध अधिक दामों पर शराब बेचने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती रही है। यहां बताना लाजमी होगा कि आबकारी अधिकारी वृत्त तिल्दा नेवरा मेघा मिश्रा के नेतृत्व में माह मई से 10 नवंबर तक कुल 132.54 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया है और कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही ओवर रेट के मामले में 5 लोगों पर कार्रवाई कर सेवा से पृथक किया गया है। आबकारी वृत्त अधिकारी मेघा मिश्रा के पदस्थ होने के बाद से क्षेत्र में अवैध शराब कोचियों पर कार्रवाई का आंकड़ा बढ़ा हुआ है।

# शिक्षा की गुणवत्ता परखने बीईओ ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने शिक्षा की गुणवत्ता और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानने के लिए आरंग विकासखंड के ग्राम नारा स्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक एवं कुटेशर प्राथमिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के शैक्षिक कौशल और स्कूल प्रबंधन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, शर्मा ने बच्चों से सीधी बातचीत की और उनके ज्ञान का आकलन किया। उन्होंने जिला कलेक्टर रायपुर द्वारा संचालित 'यू शेप' 'हरित विद्यालय, ऑपरेशन घंटी' वीरगाथा 5.0 जैसी महत्वाकांक्षी



योजनाओं के क्रियान्वयन को भी परखा। बीईओ शर्मा ने छात्रों के सामान्य ज्ञान, पुस्तक वाचन, पहाड़ा ज्ञान, और गणितीय कौशल का जायजा लिया और इसमें सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बच्चों की शैक्षिक प्रगति के साथ ही, दिनेश शर्मा ने स्कूल की प्रशासनिक व्यवस्था पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने, अपार आईडी जनरेट, यू-डाइस डेटा को समय पर और सही ढंग से कंप्लीट करने के संबंध में एवं केंद्रीयकृत परीक्षा की तैयारी कक्षा 5वी एवं 8वी हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, मध्यान भोजन की गुणवत्ता और मेनू के अनुसार उसके संचालन को सुनिश्चित करने के भी सख्त निर्देश दिए गए। बच्चों को संबोधित करते हुए, शर्मा ने उन्हें प्रेरक कहानी सुनाई और कहा, "तुम सब देश के भावी भविष्य हो, इसलिए तुम सब अत्यंत महत्वपूर्ण हो। अपनी पढ़ाई पर ध्यान दो।" इस अवसर पर प्रधान पाठक गण सहित स्टाफ की उपस्थिति रही।

पेज 11 के शेष...

### सरगुजा शीतलहर की चपेट में जोरदार ठंड...

आने लगा है। उत्तर की ठंडी हवा का सीधा असर सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहा है। वहां के बलरामपुर, रामानुजगंज और अंबिकापुर में रात का पारा आठ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। इसके प्रभाव से वहां रात में शीतलहर की स्थिति बन रही और दिन में भी काफी महसूस हो रही है। बिलासपुर के अलावा रायपुर में भी पिछले चौबीस घंटे में ठंड ने अपना जोरदार असर दिखाया है। यहां का न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री नीचे जा चुका है जिससे शहरी इलाके में भी कंपकपी छूट रही है। ठंड का दौर चार से पांच दिन जारी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके अलावा तमिलनाडु में हो रही अच्छी बारिश भी प्रदेश में ठंड लाने की बड़ी वजह है। माना जा रहा है कि अगले चौबीस घंटे में राज्य ठंड की यही स्थिति बरकरार रहने की संभावना है।

<B>00 नवंबर की ज्यादा ठंड<B>
मौसम विशेषज्ञों का कहना कि राज्य में सामान्यतः ठंड व्यापक असर नवंबर के अंतिम दिनों में नजर आता है। इस बार दूसरे सप्ताह से ही ठंड का आगमन हो चुका है। माना जा रहा है कि इस सीजन में प्रदेश में ठंड का प्रभाव ठीक ठाक वाली स्थिति में रह सकता है बशर्ते पश्चिमी विक्षोभ अपना असर नहीं दिखाए। सामान्यतः पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाली नमी की वजह से तापमान में गिरावट रुक जाती है।

<B>00 प्रमुख तापमान <B>

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम और अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 29.1 | 14.5 (-4.1) |
| माना | 29.5 | 13.2 (-4.7) |
| बिलासपुर | 27.8 | 13.2 (-3.9) |
| पेंड्रा | 26.4 | 10.2 (-5.2) |
| अंबिकापुर | 26.8 | 8.6 (-5.3) |
| जगदलपुर | 30.6 | 15.7 (-1.0) |
| दुर्ग | 30.8 | 10.6 (7.1) |

### 10% आरटीई छात्र प्रतिवर्ष छोड़ रहे पढ़ाई....

उन्हें टीसी दिया जा सकेगा, लेकिन शिक्षा पूर्ण किए बगैर यदि कोई छात्र अथवा उसके अभिभावक स्थानांतरण प्रमाण पत्र मांगते हैं, तो निजी स्कूलों को नोडल प्राचार्य को इसकी जानकारी देनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संदर्भ में निर्देशित किया है। जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ नोडल प्राचार्यों को भी खत प्रेषित किया गया है। निजी स्कूलों द्वारा गरीब छात्रों संग किए जा रहे दुर्व्यवहार को रोकने यह नवीन व्यवस्था की जा रही है।

### दिल्ली धमाके के बाद राजधानी समेत...

भीड़भाड़ वाली जगहों पर जांच कर रही हैं। पुलिस टीमें सभी संवेदनशील स्थानों पर गहन जांच पड़ताल करने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर उनकी तलाशी ले रही है। दिल्ली में हुई घटना के बाद पुलिस अधिकारी रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टैंड, होटल-प्रतिष्ठानों सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त करते हुए संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक मॉनिटरिंग की जा रही है। एएसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि रायपुर में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी एजेंसियां अपने-अपने टास्क को लेकर जुट गई हैं। संवेदनशील जगहों की निगरानी करने और संदिग्धों पर एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की टीम ने जयस्तंभ चौक सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर गाड़ियों की जांच करने के साथ तलाशी ली।

## पवन कुमार अध्यक्ष निर्वाचित

# अभनपुर परिक्षेत्र साहू समाज के चुनाव में एकता पैनल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्रदेश साहू संघ के चुनाव प्रक्रिया के तहत अभनपुर परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पवन कुमार गुरूपंच, उपाध्यक्ष नेतराम साहू,महिला उपाध्यक्ष हेमलता साहू,संगठन सचिव मानसिंग साहू,महिला संगठन सचिव लेखप्रभा साहू एकता पैनल के प्रत्याशी सभी पदो पर विजयी घोषित किये गये है। यह चुनाव जिला साहू संघ व तहसील साहू संघ के निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिती मे कराया गया,जिसमे 33 गांव के 508 मतदाताओ मे से 454 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का उपयोग किया,विगत 30 वर्षो से राजनीतिक पार्टी की तरह ही दो अलग अलग पैनल से चुनाव लड़ा जाता है,क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि पूरी सक्रियता के साथ चुनाव मे भाग लेते है, विगत 25 वर्षो से वर्तमान विधायक इन्द्रकुमार साहू गुट का अभनपुर परिक्षेत्र के सामाजिक चुनाव मे लगातार जीत




दर्ज करते हुये अपना दबदबा कायम रखा,वर्तमान विधायक इन्द्रकुमार साहू दो बार अध्यक्ष एवं दो बार अंकेक्षक व दो बार संरक्षक के पद पर लगातार बने हुये है,निर्वाचन अधिकारी ब्रम्हानंद साहू की उपस्थिती मे परिक्षेत्र के सभी निर्वाचित पदाधिकारी एवं भवन व मंदिर निर्माण समिति के अजीवन सदस्यो ने अपने मताधिकार के साथ मतदान किया,सुबह से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया रात 9 बजे तक परिणाम घोषित किया गया,चुनाव मे प्रदेश स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक के पदाधिकारियो ने हिस्सा लिया।

### पूर्व मंत्री चंपू और विधायक इंद्रकुमार शामिल हुए

पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू एवं विधायक इन्द्रकुमार साहू भी मतदान करने पहुंचे इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने सेवा काल को याद करते हुये निर्वाचित पदाधिकारियो को बिना छल कपट के समाज की सेवा करने का सुझाव दिया तथा समाज को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला साहू संघ देवनाथ साहू,भोजराम साहू,महामंत्री तोषण साहू,खेलूराम साहू,प्रेमलाल साहू,मेघनाथ साहू,ईश्वर साहू,घासुराम साहू,बिहारी साहू,टेकचंद साहू,राघवेन्द्र साहू,डोमेन्द्र साहू,रामकुमार साहू,तुलेश साहू,मोहन साहू,विमल साहू,प्रहलाद साहू,रवि साहू,डॉ सुखदेव साहू,चंदन साहू,लोकेश साहू,नरोत्तम साहू, आदि बड़ी संख्या मे समाज के लोग के साथ ही अ अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व महापौर ढेबर को मातृशोक



रायपुर। नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर की माता हज्जन खतुन्निसा ढेबर का सोमवार को निधन हो गया। उनका नमाज-ए-जनाजा मौदहापारा कब्रिस्तान में 11 नवंबर को शाम 5 बजे पढ़ी जाएगी, उसके बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। स्व. माताजी ने अपना जीवन सादगीपूर्ण, समरसता और समाजसेवा के साथ जीया। उन्होंने सदैव परिवार और समाज को एकजुट रखने का कार्य किया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं। उनके निधन से ढेबर परिवार सहित उनके निवास क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

### सहकारिता क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



रायपुर। भारत सरकार के सहकारिता विभाग की संयुक्त संचालक रेणू शेखावत ने सोमवार को नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के सभागार में प्रदेश में संचालित "सहकार से समृद्धि" कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में सहकारिता क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैसे पैक्स कंप्यूटरीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), एम-पैक्स, पीएम किसान समृद्धि कार्यक्रम, भारतीय बीज सहकारी समिति, विशाल अन्न भंडारण योजना, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, पैक्स समितियों में माइक्रो एटीएम संचालन, पीएम जन औषधि केंद्र, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों के संचालन और दुधारू पशु प्रदाय योजना की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक सुधार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए गए। समीक्षा बैठक के बाद श्रीमती शेखावत ने दुर्ग जिले में विभिन्न सहकारी समितियों और केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त एवं प्रबंध संचालक केएन कान्डे, उपायुक्त सहकारिता युगल किशोर, लघु वनोपज सहकारी संस्था की सचिव किरण गुप्ता, एनसीडीसी, कृषि विभाग, एफसीआई, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनजातीय गौरव के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा



रायपुर। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम आज नवा रायपुर अटल नगर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में जनजातीय समाज का गौरवशाली ऐतिहासिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए। आदिम जाति विकास मंत्री श्री नेताम ने शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत काफी समृद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का आव्हान किया है। इस वर्ष 15 से 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा चल रहा है। 15 नवंबर को सभी जिलों सहित आश्रम-छात्रावासों में वृहद रूप से जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जनजातीय नृत्य, गीत-संगीत, लोक कला, वाद-विवाद, भाषण, पेंटिंग सहित विविध आयामों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# आवारा कुत्तों की धरपकड़ और सर्जरी की संख्या बढ़ाने निगम बनवाएगा एक और सेटअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में आवारा कुत्तों से हो रही डाग बाइट की बढ़ती घटनाओं को नियंत्रित करने रायपुर नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग एक नया सेटअप का प्रस्ताव बना रहा है। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 2 करोड़ की राशि खर्च होगी। इस इस प्रोजेक्ट में डॉगकेचर टीम, इसके लिए अलग से बिल्डिंग और आवश्यक संसाधन जुटाए जाएंगे।

इसके साथ ही बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सालय वाली बिल्डिंग में सीढ़ी के नीचे वाली जगह पर कुत्तों के रखने और उसकी सर्जरी के लिए 4 कैनाल तैयार किए जाएंगे। इससे आने वाले दिनों में आवारा कुत्तों की सर्जरी और उनकी आक्रामकता पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।

## आवारा कुत्तों को रखने बनेंगे केनाल, डाग केचर की व्यवस्था

**खास बातें**

- पंद्रहवें वित्त आयोग से 2 करोड़ का प्रस्ताव
- पशुचिकित्सक सहित कुत्तों की धरपकड़ की टीम



### नए सेटअप के लिए 2 करोड़ का प्रोजेक्ट

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट के बढ़ती घटनाओ को देखते हुए कुत्तों के धरपकड़ की वर्तमान व्यवस्था नाकाफी है। सुप्रीम कोर्ट के पत्र आने के बाद निगम प्रशासन इस दिशा आगे की प्रक्रिया बढ़ाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ कर उसके रखने और सर्जरी कर 2 दिन तक मानिटरिंग करने के लिए नए सेटअप बनाने 2 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कर शहरवासियों को आवारा कुत्तों से खौफ से राहत दिलाने का काम करेगा। इसके साथ आवारा कुत्तों को पकड़ने टीम बढ़ाई जाएगी।

### आवारा कुत्तों की धरपकड़ होगी तेज

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर राजधानी रायपुर में स्ट्रीट डॉग की सर्जरी और उसके उपचार के बाद देखरेख करने सोनडोंगरी के अलावा एक नया सेटअप तैयार किया जाएगा। इससे शहर के अलग-अलग इलाकों में झुंड में घूम रहे आवारा कुत्तों की धरपकड़ तेज होगी। इसके लिए टीम बढ़ाने और दक्ष पशु चिकित्सक की उपलब्धता पर जोर दिया जाएगा। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नगर निगम द्वारा वर्तमान में बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में स्ट्रीट डॉग की सर्जरी और उनके उपचार के लिए एकमात्र सेंटर है, जहां पर 2 दक्ष पशुचिकित्सक के मार्गदर्शन में प्रतिदिन से 15 से 20 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी की जा रही है। साल 2018 से लेकर अब तक इस सेंटर के माध्यम से शहर भर के 36 हजार स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ कर सर्जरी कराई गई। साथ ही उन्हें जिन स्थानों से पकड़कर लाया गया उसे उसी स्थान पर छोड़ा गया। निगम के पास 2 डॉक्टर के अलावा 4 सहायक और डॉग केचर वेन व ड्राइवर की व्यवस्था है।

## हादसे के बाद भी नहीं जाग रहा प्रशासन, ब्लू वॉटर खदान में अब तक हुए हादसे

# 'ब्लू वाटर' में मौत के बाद भी नहीं मिल रही सीख, नहाने के साथ जारी है मौज-मस्ती


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर के ब्लू वाटर में बीते दिनों दो बच्चों की मौत के बावजूद युवाओं की लापरवाही कम नहीं हो रही है। पानी में नहाने, मस्ती करने और सेल्फी लेने का सिलसिला अब भी जारी है। हर साल यहां दर्जनों मौतें होती हैं, लेकिन इसके बाद भी कोई सबक नहीं लिया जा रहा। हरिभूमि ने ब्लू वाटर का जायजा लिया तो पता चला कि यहां रोज़ाना युवा 400 फीट गहरी झील में उतर रहे हैं। ग्राम पंचायत नकटी द्वारा फोटोग्राफी, सेल्फी, पार्टी और पानी में उतरने पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाया गया है, जिसमें वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

- ग्राम पंचायत ने फोटोग्राफी, सेल्फी, पार्टी और पानी में उतरने पर प्रतिबंध का लगाया बोर्ड, अब तक कार्रवाई नहीं

बावजूद इसके, न तो इस पर अमल हो रहा है और न ही प्रशासन कोई सख्त कदम उठा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि यह जलाशय 400 फीट से भी अधिक गहरा है और पानी में उतरते ही गहराई शुरू हो जाती है। बीते 5 वर्षों में यहां 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से करीब 50 प्रतिशत व्यक्ति को तैरना आता था। बावजूद इसके, पानी की गहराई और लापरवाही के कारण उनकी जान चली गई। इसके बावजूद न तो पंचायत ने कोई ठोस व्यवस्था की है और न ही प्रशासन ने कोई सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

### पांच सालों में 50 से अधिक मौतें, ज्यादातर मामलों में एक साथ दो व्यक्ति की गई है जान



### चारों ओर सिर्फ फिसलन भरे पत्थर

बचाव टीम का यह भी कहना है कि ज़्यादातर मामलों में डूबने के बाद शव ब्लू वाटर की शुरुआत में ही मिल जाते हैं। यहां बाहर निकलने की कोई पक्की या सुरक्षित व्यवस्था नहीं है। चारों ओर सिर्फ फिसलन भरे पत्थर हैं, जिससे संतुलन बिगड़ते ही व्यक्ति पानी में गिर जाता है और नाक में पानी चले जाने से सीधे गहराई में समा जाता है। लगातार मौत के बाद भी यहां सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। शाम के वक्त यहां शराब भी पीते हैं। ब्लू वॉटर तालाब के पास किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। खदान में हर साल बारिश के बाद हादसे होते हैं। बारिश का पानी भर जाता है। हर साल बच्चे वहां घूमने जाते हैं। हर साल हादसा होता है। इसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा। न ही बाउंड्री की गई है। देवेंद्र नगर की 17 साल की सुनैना की डूबने से मौत हो गई। मई 2019 को दोस्तों के साथ गए 17 साल के मोहन बाघ की डूबने से मौत। मार्च 2023 को पिकनिक मनाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। जून 2023 को दोस्तों के साथ नहाने गए तीन युवक नदीम, फैजल और शहबाज की मौत हो गई।

### सांस लेने में हल्की सी गड़बड़ी और गहराई में समा जाती है जान

ग्रामीणों से जब ब्लू वाटर में हो रही लगातार मौतों का कारण जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने बताया कि यहां अक्सर एक साथ दो लोगों की जान चली जाती है। जब एक व्यक्ति डूबता है और दूसरा उसे बचाने के लिए पानी में उतरता है, तो वह भी सुरक्षित बाहर नहीं निकल पाता। इस जलाशय की गहराई लगभग 400 फीट से भी अधिक है, जो शहर के किसी भी तालाब या नदी से कहीं ज्यादा है। एडीआरएफ टीम के सदस्य हेमंत वांसने ने बताया कि ब्लू वाटर में यदि सांस लेने की प्रक्रिया थोड़ी भी गड़बड़ हुई, तो व्यक्ति तेजी से नीचे की ओर खिंचने लगता है। जब तक कोई दूसरा उसे बचाने पहुंचता है, तब तक पहला व्यक्ति 200 फीट तक नीचे जा चुका होता है। ऐसे में एक ही सांस में अंदर जाकर वापस ऊपर आना बेहद मुश्किल हो जाता है। यही एक बड़ी वजह है कि यहां हर साल हादसे हो रहे हैं।

# रविवि अब प्रारंभ करेगा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्स यूजीसी को भेजा जाएगा खत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग पाठ्यक्रम का संचालन करेगा। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की 100वीं बैठक में इस संदर्भ में प्रस्ताव रखा गया है। प्रस्ताव के आधार पर अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को आवेदन किया जाएगा।

- ए ग्रेड वाले विश्वविद्यालय ही संचालित कर सकते हैं ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्स

यूजीसी के नियमानुसार केवल उन विश्वविद्यालयों को ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्स संचालित करने की मान्यता प्रदान की जाती है, जिनके पास ए ग्रेड हो। रविवि को कुछ माह पूर्व ही ए प्लस ग्रेड नैक की टीम ने प्रदान किया है। चूंकि अब रविवि नियमतः ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम के लिए पात्र है, इसलिए इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यूजीसी को खत लिखने और अनुमति मिलने के बाद नियमतः यह कोर्स शुरू कर दिया जाएगा। अगले शैक्षणिक सत्र से रविवि इन पाठ्यक्रमों की शुरुआत कर सकता है।



### निर्धारित होंगे कोर्स

ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के अंतर्गत किन पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा, इसका निर्धारण विवि द्वारा करने के पश्चात वेबसाइट में इससे संबंधित जानकारी अपलोड करने के साथ ही आवेदन प्रारंभ किए जाएंगे। ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग में सामान्यतः उन पाठ्यक्रमों को ही शामिल किया जाता है, जिनमें प्रायोगिक कार्य नहीं होते हैं। जिन विषयों की पढ़ाई में लैब वर्क जरूरी होते हैं, उन्हें ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग का हिस्सा नहीं बनाया जाता है। इन पाठ्यक्रमों को लेकर यूजीसी के पृथक दिशा-निर्देश हैं। इनके आधार पर ही रविवि स्वयं द्वारा संचालित कोर्स का निर्धारण करेगा।

### यह है ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्स

विवि द्वारा संचालित किए जाने वाले नियमित पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्रों को निर्धारित दिनों की कक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होता है। 75प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को ही परीक्षा में बैठने की पात्रता होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी कुछ दिनों की कक्षाएं अनिवार्य कर दी गई है।ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्स में इसकी बाध्यता नहीं होती है। इसमें छात्र घर बैठे ही डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिला ले सकते हैं और अपनी पढ़ाई को पूरा कर सकते हैं। समय आभाव के कारण ही अधिकतर छात्र अथवा नौकरीपेशा इसमें प्रवेश लेते हैं।

# रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिली नई सुविधा, प्लेटफॉर्म सात पर एस्केलेटर हुए शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अब प्लेटफॉर्म क्रमांक 7 पर दो नए एस्केलेटर शुरू हो गए हैं। ये एस्केलेटर स्टेशन के नए फूट ओवरब्रिज के पास लगाए गए हैं, जिससे अब यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में आसानी होगी।



एस्केलेटर की सुविधा का उद्घाटन रायपुर मंडल रेल प्रबंधक दयानन्द ने किया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) शबिब अहमद, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर विवेक पटेल और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर उत्कर्ष पांडेय समेत रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे। यह सुविधा खासकर बुजुर्गों, दिव्यांग यात्रियों और सामान लेकर चलने वालों के लिए राहत लेकर आई है। अब उन्हें प्लेटफॉर्म पर चढ़ने-उतरने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।एस्केलेटर में आधुनिक सुरक्षा फीचर्स जैसे इमरजेंसी स्टॉप बटन, एंटी-स्लिप स्टेप्स और हैंडरेल स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए गए हैं। रेलवे का कहना है कि आने वाले समय में रायपुर स्टेशन को यात्रियों के लिए और भी अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाया जाएगा।

# बृजमोहन बोले- रायपुर में एक लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता, पुनरीक्षण जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, अकेले रायपुर में ही एक लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता हैं। लोकतंत्र की सशक्तता और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है कि कोई भी वैध मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और कोई भी फर्जी मतदाता, मतदाता सूची में शामिल न हो। इसके लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण जरूरी है। श्री अग्रवाल ने सोमवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पुरानी बस्ती, लाखे नगर, भाटागांव, सदर बाजार और सिविल लाइन मंडल के ब्लॉक लेवल एजेंट्स एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा, यह समय मतदाता सूची को शुद्ध करने का है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

- सांसद ने फर्जी मतदाताओं को हटाने और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने पर दिया जोर

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, ब्रजेश पांडे, गुंजन प्रजापति, केदार धनगर, सचिन सिंघल, अभिषेक तिवारी, सुनील कुकरेजा, संतोष सोनी, पार्षद, बीएलए, तथा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संभाग कमिश्नर दफ्तर की नए भवन में शिफ्टिंग अंतिम चरण में

## खाली होते ही पुराने भवन में एसपी दफ्तर होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट परिसर में प्रस्तावित पांच मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा, क्योंकि कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण कार्य की बाधा एसपी दफ्तर को जल्द ही संभाग कमिश्नर के पुराने भवन में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। रायपुर संभाग कार्यालय की नई बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण हुए एक माह से अधिक हो गया है, वहीं नए भवन के बनने के बाद कमिश्नर कार्यालय को यहां शिफ्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अभी तक कमिश्नर कार्यालय का लगभग 80 प्रतिशत स्टॉफ को नए भवन में शिफ्ट किया जा चुका हैं। इसमें संभाग उपायुक्त, अधीक्षक के कक्ष से लेकर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यालय भी शामिल हैं। अब सिर्फ संभाग कमिश्नर का कक्ष तथा कोर्ट शिफ्ट किया जाना बाकी है। इन्हें भी आगामी एक-दो सप्ताह में नए भवन में शिफ्ट कर दिए जाएंगे। पुराना कमिश्नर भवन के खाली होते ही यहां एसपी कार्यालय शिफ्ट होगा।

- कलेक्टोरेट परिसर में पांच मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य दिसंबर में शुरू होने की संभावना



### नए कमिश्नर भवन के ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग, फर्स्ट में लगेगा कोर्ट

तीन मंजिला नया संभाग कमिश्नर भवन के ग्राउंड फ्लोर को पार्किंग बनाई गई है। इस भवन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ यहां पहुंचने लोग भी अपने वाहन यहां पार्क कर पाएंगे। भवन के फर्स्ट फ्लोर को दो हिस्से में बांटा गया है, जिसमें एक हिस्से में संभाग आयुक्त, उपायुक्त के कक्ष तथा कोर्ट रूम बनाए गए हैं, वहीं दूसरी हिस्से में अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी के कक्ष बनाए गए हैं। सेकेंड फ्लोर में अन्य दफ्तर शिफ्ट किए गए हैं। फर्स्ट एवं सेकेंड फ्लोर में जाने-आने के लिए सीढ़ी के साथ लिफ्ट भी लगाई गई है।

### चालू माह में पूरा हो जाएगा

चालू माह में शिफ्टिंग का कार्य पूरा हो जाएगा। लगभग 80 प्रतिशत दफ्तर शिफ्ट किए जा चुके हैं, शेष भी जल्द कर लिया जाएगा। *- महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर*

## बिजनेस साइट

### 'फ्रीडम ऑन व्हील्स' थीम पर आरटीआई वीक की शुरुआत, समावेशी शिक्षा का दिया संदेश




रायपुर। रायपुर राउंड टेबल 241 ने मंगलम हुंडई के सहयोग से आरटीआई वीक का आगाज 'फ्रीडम ऑन व्हील्स, एम्पावरमेंट थ्रू एजुकेशन' थीम के साथ किया। इस अवसर पर आयोजित 'फ्रीडम ड्राइव' के तहत सदस्यों ने सामाजिक उत्तरदायित्व और शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण का संदेश दिया। ड्राइव के दौरान कारों का काफिला अर्पण दिव्यांग स्कूल पहुंचा, जहां रायपुर राउंड टेबल 241 के सदस्यों ने बच्चों और शिक्षकों के साथ समय बिताया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाते हुए उन्होंने समावेशी शिक्षा के महत्व पर चर्चा की और समाज में समान अवसरों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन मरीन ड्राइव, रायपुर पर हुआ, जहां प्रतिभागियों ने एकता, जागरूकता और सशक्तिकरण का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

# सरजूबांधा तालाब को दलालों से बचाने सीमांकन का निर्णय

रायपुर। टिकरापारा वार्ड अंतर्गत संजय नगर में लोगों ने एक बैठक की। इसमें सरजूबांधा नया तालाब क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई। इसमें तालाब को पाटकर भूमि को बेचने की मंशा रखने वाले दलालों से जुड़े हर पहलू पर बात की गई। इसके चलते उन लोगों ने काम बंद करवा दिया है। इस समस्या का हल निकालने के लिए मोहल्ले के लोगों ने चर्चा के बाद निर्णय लिया है कि अब दलालों से तालाब की जमीन को बचाने के लिए जल्द ही जिम्मेदारों से मिलने के बाद सीमांकन करवाने की मांग करने का निर्णय लिया है। सरजूबांधा तालाब के पास स्थित गार्डन में रविवार को गोवर्धन झंवर सहित मोहल्ले के लोगों ने बैठक में तय किया है कि समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए जल्द ही कलेक्टर को मामले की जानकारी के साथ तालाब की जमीन का सीमांकन करवाने आग्रह भी किया जाएगा। एक करोड़ में होने वाला निर्माण कार्य प्रभावित होने से क्षेत्र के लोगों को मिलने वाली सुविधा बाधित हो रही है। इस बैठक में पार्षद प्रमोद साहू,समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव, सचिव गोवर्धन झंवर, रतन जैन, संजय पटेल, मनीष सोनी, कान्हा टांडी, पिंकी निर्मलकर, जनक पाल, सतीश साहू आदि शामिल हुए।



## पेज 11 के शेष ...

### सरगुजा शीतलहर की चपेट...

आने लगा है। उत्तर की ठंडी हवा का सीधा असर सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहा है। वहां के बलरामपुर, रामानुजगंज और अंबिकापुर में रात का पारा आठ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। इसके प्रभाव से वहां रात में शीतलहर की स्थिति बन रही और दिन में भी काफी महसूस हो रही है। बिलासपुर के अलावा रायपुर में भी पिछले चौबीस घंटे में ठंड ने अपना जोरदार असर दिखाया है। यहां का न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री नीचे जा चुका है जिससे शहरी इलाके में भी कंपकपी छूट रही है। ठंड का दौर चार से पांच दिन जारी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके अलावा तमिलनाडु में हो रही अच्छी बारिश भी प्रदेश में ठंड लाने की बड़ी वजह है। माना जा रहा है कि अगले चौबीस घंटे में राज्य ठंड की यही स्थिति बरकरार रहने की संभावना है।

**नवंबर की ज्यादा ठंड** :मौसम विशेषज्ञों का कहना कि राज्य में सामान्यतः ठंड व्यापक असर नवंबर के अंतिम दिनों में नजर आता है। इस बार दूसरे सप्ताह से ही ठंड का आगमन हो चुका है। माना जा रहा है कि इस सीजन में प्रदेश में ठंड का प्रभाव ठीक ठाक वाली स्थिति में रह सकता है बशर्ते पश्चिमी विक्षोभ अपना असर नहीं दिखाए। सामान्यतः पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाली नमी की वजह से तापमान में गिरावट रुक जाती है।

#### प्रमुख तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम और अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 29.1 | 14.5 (-4.1) |
| माना | 29.5 | 13.2 (-4.7) |
| बिलासपुर | 27.8 | 13.2 (-3.9) |
| पेंड्रा | 26.4 | 10.2 (-5.2) |
| अंबिकापुर | 26.8 | 8.6 (-5.3) |
| जगदलपुर | 30.6 | 15.7 (-1.0) |
| दुर्ग | 30.8 | 10.6 (7.1) |

### 10% आरटीई छात्र प्रतिवर्ष ...

उन्हें टीसी दिया जा सकेगा, लेकिन शिक्षा पूर्ण किए बगैर यदि कोई छात्र अथवा उसके अभिभावक स्थानांतरण प्रमाण पत्र मांगते हैं, तो निजी स्कूलों को नोडल प्राचार्य को इसकी जानकारी देनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संदर्भ में निर्देशित किया है। जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ नोडल प्राचार्यों को भी खत प्रेषित किया गया है। निजी स्कूलों द्वारा गरीब छात्रों संग किए जा रहे दुर्व्यवहार को रोकने यह नवीन व्यवस्था की जा रही है।

### दिल्ली धमाके के बाद ...

भीड़भाड़ वाली जगहों पर जांच कर रही हैं। पुलिस टीमें सभी संवेदनशील स्थानों पर गहन जांच पड़ताल करने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर उनकी तलाशी ले रही है। दिल्ली में हुई घटना के बाद पुलिस अधिकारी रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टैंड, होटल-प्रतिष्ठानों सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त करते हुए संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक मॉनिटरिंग की जा रही है।

एएसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि रायपुर में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी एजेंसियां अपने-अपने टास्क को लेकर जुट गई हैं। संवेदनशील जगहों की निगरानी करने और संदिग्धों पर एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की टीम ने जयस्तंभ चौक सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर गाड़ियों की जांच करने के साथ तलाशी ली।

# सर्वर हुआ ठप तो रविवि ने खिसकाई तिथि, बगौर विलंब शुल्क आज दे सकेंगे अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के वेबसाइट के बार-बार ठप होने और छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ फॉर्म भरने की तिथि में वृद्धि की गई थी। पूर्व में रविवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए छात्रों से बगैर विलंब शुल्क 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक आवेदन मांगे थे। 9 से 13 नवंबर तक का समय 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने तय किया गया था। नवीन तिथियों के अनुसार, छात्र मंगलवार अर्थात 11 नवंबर तक बगैर विलंब शुल्क आवेदन कर सकते हैं। कल से आवेदन करने पर उन्हें 100 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा अब तक नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार, दिसंबर माह से इसकी शुरुआत हो सकती है। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही स्तर की परीक्षाओं की शुरुआत दिसंबर माह से की जाएगी।

हरिभूमि सरोकार

सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने आज अंतिम तिथि, पूर्व में 9 नवंबर तक दिया गया था समय

12 व 13 नवंबर को 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ भर सकेंगे फॉर्म

### कल से 100 रुपए अतिरिक्त शुल्क



### इग्नू ने फिर से बढ़ाई तिथि

*वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि को एक बार फिर से बढ़ा दिया है। छात्र अब 20 नवंबर तक असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। अब उम्मीदवार असाइनमेंट की हार्ड व सॉफ्ट कॉपी 20 नवंबर जमा करनी होगी। ओडीएल, ऑनलाइन कार्यक्रम, जीओएएल और ईवीबीबी पाठ्यक्रमों के लिए यह तिथि बढ़ाई गई है। इग्नू की टर्म एंड परीक्षा एक दिसंबर से शुरू होगी और अंतिम परीक्षा का आयोजन 14 जनवरी 2026 को किया जाएगा।*

### देनी होगी संपर्क संबंधित जानकारी

इग्नू ने अपनी अधिसूचना में कहा है, छात्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने अध्ययन केंद्र या क्षेत्रीय केंद्र में असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। उन्हें असाइनमेंट में अपनी संपर्क जानकारी दर्ज करना आवश्यक है। इससे पहले दिसंबर 2025 टर्म-एंड-परीक्षा के लिए असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर थी। वहीं परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर (विलंब शुल्क के साथ) थी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरने के मद्देनजर परीक्षा केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार चुने गए पाठ्यक्रमों को परीक्षा फॉर्म जमा करने के बाद नहीं बदला जाएगा। छात्रों ने जिन पाठ्यक्रमों का चुनाव किया है, उनके असाइनमेंट ही उन्हें जमा करने होंगे।

## खबर संक्षेप



### पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित हुए राजेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राज्य अलंकरण अवसर पर आयोजित भव्य राज्यस्तरीय समारोह में महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के पूर्व चेयरमैन एवं रियल ग्रुप के प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेश अग्रवाल को उनके बहुमूल्य सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिया। इस उपलब्धि पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज परिवार ने हर्ष जताया। इस अवसर पर मंच में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। यह पुरस्कार विशिष्ट व्यक्ति को दिया जाता है, जिन्होंने समाज और प्रदेश के सर्वागीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। समारोह में राज्य के मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, उद्योगपति, समाजसेवी एवं छात्र प्रतिनिधि, प्राचार्य डॉ. जासमीन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी, एडमिनेस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दूधाधारी भवन में सियाराम महाराज का किया सम्मान



**रायपुर।** दूधाधारी मठ महोत्सव के उपलक्ष्य में दूधाधारी सत्संग भवन में संगीतमय श्रीरामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से पधारे सियाराम शरण महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान सभी श्रद्धालुओं और श्रोताओं को कराया जा रहा हैं, जिसमें सोमवार को समाज सेवक प्रशांत पाण्डेय कथा श्रवण करने पहुंचे एवं मंच पर विराजमान कथावाचक सीताराम शरण महाराज का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मतदाता हेल्प डेस्क में बीएलओ सुपरवाइजरों की नियुक्ति

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत जिला एवं सभी तहसील स्तरों पर मतदाता हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क की स्थापना की है। इस संबंध में पात्र मतदाताओं को सहायता प्रदान करने तथा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बीएलओ सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तरीय में रौशनी, तहसील स्तरीय धरसींवा, भावेश वर्मा पटवारी खरोरा, अनिमेश श्रीवास्तव पटवारी तिल्दा, दिनेश कुमार डहरिया पटवारी, मंदिरहसौद ओम प्रकाश देवांगन पटवारी, आरंग महेंद्र वर्मा पटवारी रायपुर, हेमंत भतपहरी ऐ.आर.आई, अभनपुर नंद कुमार साहू पटवारी, गोबरा-नवापारा अकक्ष चंद्राकर पटवारी को नियुक्त गया है। मतदाता हेल्प डेस्क में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन तथा इपिक संबंधित जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

## सुबह से देर शाम तक 3 जोन पहुंचकर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की

# भाठागांव में 15 दिनों से कचरा कलेक्शन ठप महापौर ने रामकी के अधिकारी को फटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाठागांव में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित चंदनविहार, ब्रम्हविद स्कूल में 15 दिनों से कचरा कलेक्शन ठप पड़ा है। इस बात को लेकर महापौर मीनल चौबे ने रामकी कंपनी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। इसी तरह गोलबाजार और शास्त्री बाजार में समय पर कचरा नहीं उठाने से मवेशियों के झुंड और उससे फैलने वाली गंदगी की शिकायत मिली।

महापौर ने तत्काल जोन 4 के अधिकारी को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के गाड़ी की टाइमिंग सुधारने रामकी के सिटी प्रतिनिधि को निर्देश दिए। दरअसल, शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने महापौर मीनल चौबे अब नगर निगम के दस जोन में जाकर वहां के पार्षदों, जोन अध्यक्ष, निगम के अधिकारी और रामकी के सिटी हेड के साथ बैठक ले रही हैं। सोमवार को उन्होंने वार्ड पार्षदों के सफाई की शपथ दिलाई। तीन जोन में अलग-अलग समय पहुंचकर उन्होंने सफाई कार्य की समीक्षा की। मोतीबाग चौक के जोन कार्यालय में हुई बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों ने शास्त्रीबाजार, गोल बाजार के अलावा वार्डों में सफाई व्यवस्था के संबंध में रामकी की कार्यप्रणाली को लेकर महापौर के सामने शिकायत की। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ी की टाइमिंग को लेकर भी लोग नाराज रहे। जोन 5 और जोन 7 कार्यालय में भी सफाई व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक हुई।

### पार्षदों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



- शास्त्री बाजार, गोलबाजार में कूड़ा उठाने की टाइमिंग सही नहीं, अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने निर्देश

*ये रहे उपस्थित : जोन कार्यालय में हुई बैठक में जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, श्वेता विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य सुमन - अशोक पाण्डेय, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, अमर गिद्वानी , पार्षद दुर्गा साहू, मीना ठाकुर,आशु चंद्रवंशी, कृष्णा सोनकर, आनंद अग्रवाल, अजय साहू, पार्षद प्रतिनिधि सोनू तिवारी, संतोष हियाल, प्रकाश जगत, जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, संबंधित जोन के कार्यपालन अभियंता,जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित रामकी कंपनी के स्थानीय अधिकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

### जयस्तंभ से कोतवाली चौक तक नो फ्लैक्स जोन

*शहर को साफ सुथरा रखने की कड़ी में महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को राजधानी के जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक तक लगाए गए सभी फ्लैक्स को दो दिन के अंदर हटाने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र के डिवाडर और पोल पर किसी भी तरह के बैनर पोस्टर लगाने की मनाही की है। महापौर ने जयस्तंभ चौक से सिटी कोतवाली चौक तक नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। छोटी और संकरी इस रोड में बैनर, फ्लैक्स लगाए जाने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी, अब यह समस्या दूर हो जाएगी।*

### महापौर ने जताई नाराजगी

बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों ने भाठागांव के प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर स्थित चन्दन विहार, ब्रम्हविद स्कूल में पिछले 15 दिन से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नहीं होने की शिकायत की। शिकायत मिलने पर महापौर मीनल चौबे ने रामकी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए। सफाई कार्य कोताही के लिए जोन के संबंधित अधिकारी को रामकी पर पेनाल्टी लगाने और नियमित रूप से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन कराने हिदायत दी। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा, सफाई कार्य उनकी प्राथमिकता है और सभी घरों से प्रतिदिन शत - प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। महापौर ने सभी नियमित और ठेका सफाई कामगारों की ड्यूटी पर शत - प्रतिशत संख्या में निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देश दिए। जोन स्तर पर ली गई बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा, सफाई व्यवस्था सुधार कार्य में कोई कोताही कदापि सहन नहीं की जाएगी, न ही कूड़ा उठाने में कोई बहानेबाजी चलेगी। प्रतिदिन शहर का कचरा उठना चाहिए, शहर राजधानी के अनुरूप साफ दिखना चाहिए।

# राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम योजना ठंडे बस्ते में, तीन साल में न टारगेट मिला न फंड जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एलपीजी और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने लाई गई राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम योजना का लाभ पिछले तीन साल से हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। इस योजना के तहत पिछले तीन साल से न ही जिले को कोई टारगेट मिला है और न ही इसके लिए कोई फंड जारी हुआ है। फंड जारी नहीं होने के कारण यह योजना अब ठंडे बस्ते में चली गई है। इधर छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (क्रेडा) के अधिकारियों का यह भी कहना है कि टारगेट एवं फंड नहीं मिलने से इस योजना से जुड़कर कार्य करने वाले लोग भी काम छोड़ चुके हैं। स्थिति यह है कि इस योजना के तहत अब रायपुर सहित प्रदेश में टारगेट मिलना ही बंद हो गया है।

### अब तक 4599 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित

क्रेडा के जिला अधिकारियों से मिले आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में जब से योजना शुरू हुई तब से लेकर अब तक 4599 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिला है, जिनके यहां 50 वर्गमीटर से अधिक खाली जगह एवं 4 से अधिक पशु हैं। योजना के तहत घरेलू बायोगैस संयंत्र 2 घन मीटर से लेकर 6 घन मीटर तक स्थापित किए गए हैं।

*रखरखाव नहीं होने से ज्यादातर संयंत्र खराब : सूत्रों के अनुसार घरेलू बायोगैस संयंत्र को स्थापित किए जाने के साथ इसके इस्तेमाल का प्रशिक्षण देने के साथ संयंत्र के रखरखाव के लिए पांच साल की वारंटी दी गई थी, लेकिन इस वारंटी के तहत कहीं एक साल तो कहीं दो साल ही संयंत्रों का रखरखाव किया गया। इसके कारण ज्यादातर घरों में लगे संयंत्र बिगड़े पड़े हुए हैं, जिसके कारण अब इस संयंत्र का हितग्राही इस्तेमाल करना ही छोड़ दिए हैं। यही कारण है कि संयंत्र लगाने के लिए अब हितग्राही भी रूची नहीं ले रहे हैं।*

### दो तीन साल से योजना बंद


दो-तीन साल से योजना बंद पड़ी है। इस योजना के तहत अब टारगेट मिलना बंद हो गया है। इसके कारण घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित भी नहीं किए जा रहे हैं।
**- वैभव दुबे,** सहायक अभियंता क्रेडा

### 2 से 4 घन मीटर एवं 6 घन मीटर के लिए अलग-अलग सब्सिडी

इस योजना के तहत 2 से 4 घन मीटर तथा 6 घन मीटर बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की अनुदान राशि अलग-अलग निर्धारित है। इसके तहत 2 से 4 घन मीटर के लिए केंद्रांश 14350 एवं राज्यांश 9000 कुल 23350 रुपए अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार 6 घन मीटर में केंद्रांश 22750 रुपए तथा राज्यांश 9000 रुपए कुल 31750 रुपए है।

# इंद्रावती में विलुप्त प्रजाति के ऊदबिलाव होने की पुष्टि





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के ज्यादातर वन क्षेत्र जैव विविधता से संपन्न हैं। इसी कड़ी में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के नदी में विलुप्त प्रजाति के स्मूथ-कोटेड ऑटर (ऊदबिलाव) की तीनों प्रजाति होने की पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने की है। आईयूसीएन ने इस संबंध में बुलेटिन पेपर जारी किया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था आईयूसीएन विलुप्त प्रजाति के वन्यजीवों के लिए काम करने वाली संस्था है। विलुप्त प्रजाति के वन्यजीवों की खोज करने वाली संस्था नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े एम. सूरज, मोइज अहमद, आलोक कुमार साहू, कृष्णेंदु बसाक तथा मयंक बागची ने आईटीआर के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बल्गा के मार्गदर्शन में विलुप्त प्रजाति के ऊदबिलाव की खोज की। पुष्टि करने फोटोग्राफ्स तथा पेपर आईयूसीएन के पास भेजे। फोटोग्राफ्स तथा पेपर का अध्ययन करने के बाद आईयूसीएन ने विलुप्त तीनों प्रजाति के ऊदबिलाव की पुष्टि की।

*इन देश के साथ राज्यों में ऊदबिलाव पाए जाते हैं : विलुपेत प्रजाति के ऊदबिलाव अब तक भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई हिस्सों में पाए गए हैं। भारत में मुख्यतः दलदल, मैंग्रोव (सुंदरबन), गंगा-बरह नदी क्षेत्र, गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा, और तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इसके बाद छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में ऊदबिलाव देखा गया है। इंद्रावती में देखे गए ऊदबिलाव का परिवार भारत में पाई जाने वाली तीनों प्रजातियों में सबसे बड़ी है।*

# मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाने दक्ष होंगी महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- हाईरिस्क प्रेग्नेंसी प्रबंधन के लिए राज्य में पहली बार प्रशिक्षण

हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों में उचित प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रदेशभर की महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को ट्रेनिंग देगा। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने 15 चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य में पहली बार किया जाएगा। ट्रेनिंग एनसी, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं प्रबंधन, पीएमएसएमए कार्यक्रम, प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, नवजात देखभाल तथा रेफरल समन्वय प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

राज्य में इस तरह का यह पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों के क्षमता संवर्धन को लेकर पहल की गई है। पहली ट्रेनिंग के दौरान सचिव स्वास्थ्य अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला, संचालक महामारी नियंत्रण डॉ एसके पामभोई, संयुक्त संचालक डॉ. निर्मला यादव, उप संचालक डॉ. शैलेन्द्र अग्रवाल, उप संचालक डॉ. वीआर भगत, यूनीसेफ से डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आगामी चरणों में 14 बैचों के माध्यम से पूरे राज्य की महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# नर्सिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहे हेल्थ सेंटर भर्ती परीक्षा के बाद नियुक्ति करना भूला विभाग


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस बीच स्वास्थ्य संचालनालय भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन करने के बाद नियुक्ति करना भूल गया है। आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम महीनेभर पहले घोषित हो चुके हैं, मगर चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति और दस्तावेज के सत्यापन का काम पूरा नहीं हो पाया है। चयनित अभ्यर्थी भी नियुक्ति पत्र मिलने की राह ताक रहे हैं।

राज्य में स्वास्थ्य विभाग डाक्टरों के साथ नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। राज्य के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में दोनों के 6300 से ज्यादा पद खाली हैं। इस कमी को पूरी करने के लिए विभाग अलग-अलग स्तर पर भर्ती कर रहा है। इसी दौर में अगस्त में स्वास्थ संचालनालय द्वारा रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर में सवा दो सौ नर्सिंग स्टाफ की भर्ती के लिए व्यापम के माध्यम से भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था।

15 सितंबर को आयोजित इस परीक्षा का परिणाम पिछले महीने घोषित हो गया। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच और ज्वाइनिंग की अटकी प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। शासकीय सेवा में आने की आस लगाकर बैठे चयनित उम्मीदवार महीने भर से इस संबंध में आदेश जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।

### सवा दो सौ पदों पर होनी है भर्ती, महीनेभर बाद भी दस्तावेज का सत्यापन नहीं



### संविदा आधार पर चल रहा काम

*इधर आंबेडकर समेत अन्य शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित अन्य अस्पतालों भी नर्सिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। नियमों के विपरीत तीस-तीस बेड के वार्डों में दो से तीन नर्स ड्यूटी कर रही हैं। इसकी वजह से मरीजों की तीमारदारी नहीं हो पा रही है और संख्या कम होने के वजह से मरीजों और चिकित्सकीय स्टाफ के बीच विवाद की स्थिति भी बनती जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में तो नर्सिंग स्टाफ की कमी की समस्या दूर करने के लिए संविदा और दैनिक वेतन के आधार पर भी नर्सिंग स्टाफ की आउट सोर्सिंग की गई है।*

# आरएसएस का घर-घर संपर्क अभियान, बता रहे संघ के काम, दे रहे भारत माता की तस्वीर

- अगले माह 1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए ग हैं। अक्टूबर में 15 दिनों तक प्रदेश में दो हजार स्थानों में पंथ संचलन का कार्यक्रम किया गया है। सबसे अहम प्रदेश के सभी हिंदू परिवारों के घरों तक जाने का कार्यक्रम है। इसको लेकर इस माह से घर-घर संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम पूरे माहभर चलेगा।

प्रदेश के सभी हिंदू घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। अब तक जितने घरों से स्वयंसेवक पहुंचे हैं, उनको आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जा रही है। इसके बाद दिसंबर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होगा। इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ साल भर लगातार कार्यक्रम होंगे। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में सालभर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से किया गया। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पंथ संचलन का कार्यक्रम पखवाड़े भर चला है।




### पूरे प्रदेश में चल रहा अभियान

पूरे प्रदेश के सभी जिलों में घर-घर संपर्क अभियान प्रारंभ हो गया है। हर हिंदू के घर तक पहुंचने का प्रयास रहेगा।
**- टोपलाल वर्मा,** प्रातं संघचालक

### दिसंबर में होंगे हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।






हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




महिलाओं ने सीखी घुड़सवारी की बारीकियां

## एजूकेशन अलर्ट

### एम्स में प्रोजेक्ट साइंटिस्ट और डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों पर आवेदन हुए शुरू

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से प्रोजेक्ट साइंटिस्ट, प्रोजेक्ट टेक्नीशियन और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार एम्स दिल्ली में इन पदों पर नौकरी करने का सपना देख रहे हैं, वे इन पदों पर आवेदन कर सकते हैं। एम्स दिल्ली में विभिन्न पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। प्रोजेक्ट साइंटिस्ट के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास पद से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों को SPSS/STATA का ज्ञान होना जरूरी है। प्रोजेक्ट टेक्नीशियन सपोर्ट- 3 के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवारों को एमएस ऑफिस और डाटा मैनेजमेंट की समझ भी होनी चाहिए। प्रोजेक्ट टेक्नीशियन सपोर्ट- 1 के पदों के लिए उम्मीदवार कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास एमएलटी या डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवारों को एमएस ऑफिस का ज्ञान भी होना चाहिए।




#### कितनी मिलेगी सैलरी

प्रोजेक्ट साइंटिस्ट के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,000 रुपए, प्रोजेक्ट टेक्नीशियन सपोर्ट- 3 के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को 28,000 रुपए, प्रोजेक्ट टेक्नीशियन सपोर्ट- 1 के पद पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 18,000 रुपए और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 29,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। एम्स दिल्ली में विभिन्न पदों पर आवेदन करने के लिए आयु पदानुसार निर्धारित की गई है। पदानुसार आयु 28 और 35 वर्ष निर्धारित है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को जल्द ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

हाथों में घोड़े की लगाम थामे राइडर्स आउटफिट में रोटरी क्लब की सदस्यों ने शानदार शाम बिताई, जहां सभी ने पहले बार घोड़े की सवारी का आनंद लिया। इस दौरान ट्रेनर्स ने गाइडलाइन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, इस बीच थोड़े डर और एक्साइटमेंट के साथ घुड़सवारी का सिलसिला शुरू हुआ। इस मौके पर 40 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहां सभी ने थ्रिलर आउटफिट कैरी किए थे। मैदान में चॉकलेट, अल्फा और अलीबाबा नाम के कई घोड़े मौजूद रहे।

# पहली बार थामी लगाम, सवारी से पहले बनाई घोड़े से दोस्ती, अलीबाबा और अल्फा ने कराई सैर

## ट्रेनर ने बताया- घोड़े को महसूस करिए, तब ही सवारी कर पाएंगे साथ

**रायपुर।** ढलती शाम और हल्की ठंडक भरी हवाओं के बीच घुड़सवारी का आनंद कुछ अलग ही अनुभव देता है। ऊर्जा पार्क के नजदीक 'ब्रैगो और हेक्टर अश्व फार्म' में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस की सदस्यों ने अपने दोस्तों के साथ 'विंटर इवनिंग' का लुत्फ उठाया। गैलप गेट टुगेदर इवेंट की शुरुआत घुड़सवारी के साथ हुई, जहां ट्रेनर्स ने घोड़ों के नाम से उन्हें इंट्रोड्यूज कराया।" घुड़सवारी के अनुभव के साथ-साथ प्रतिभागियों ने यादों को कैमरे में कैद किया और यादगार रील्स व तस्वीरें लीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पहले घोड़ों से परिचय कर उनसे दोस्ताना रिश्ता कायम किया। उन्हें उनके नाम से पुकारते हुए आपसी तालमेल बनाने की कोशिश भी की। इसके बाद सभी ने जोशीले अंदाज में घुड़सवारी की शुरुआत की। हंसी, उत्साह और कैमरा क्लिक के बीच यह शाम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि प्रतिभागियों के लिए आत्मविश्वास और नए अनुभवों की सौगात भी लेकर आई।





### आठ साल का अलीबाबा बना गैलप गेट टुगेदर का स्टार

*अलीबाबा आठ साल के घोड़े का नाम है, जो गैलप गेट टुगेदर इवेंट में खास मेहमान के तौर पर शामिल हुआ। अलीबाबा कोई साधारण घोड़ा नहीं, बल्कि नेशनल और इंटरनेशनल हॉर्स पोलो प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुका एक होनहार अश्व है। जो अपनी फुर्ती और शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, यह कई स्पर्धा में विजेता बन चुका है। ऐसे में अलीबाबा के साथ फोटो खिंचवाने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।*





### नाम से पुकारते ही घोड़ों के साथ हुई दोस्ती की शुरुआत



घुड़सवारी शुरू होने से पहले ट्रेनर ने प्रतिभागियों को गाइड किया। उन्होंने बताया कि अक्सर जब घोड़े पहली बार नए सदस्य के संपर्क में आते हैं तो वे तुरंत दोस्ताना व्यवहार नहीं करते। इसलिए सभी को स्थिर बैठने और हलचल कम करने की सलाह दी गई। हाथों में ब्राइडल (लगाम) को हल्के हाथ से पकड़े रखने से घोड़ों को सवारी का अहसास होता है। इस दौरान सभी को घोड़ों के पास सीधे जाने से बचने की सलाह दी गई। महिलाओं ने घोड़ों को उनके नाम से पुकारा और हाथ फैलाकर उन्हें अपनापन महसूस कराया, जिससे घोड़े अधिक सहज और बेहतर महसूस कर सकें।

### प्रोफेशनल गेम्स के लिए घोड़ों की ट्रेनिंग

ट्रेनर नदीम ने बताया कि यह सभी घोड़े प्रोफेशनल गेम्स के लिए ट्रेन किए गए हैं, जो ईवेंटिंग, जंपिंग, ड्रेसेज, हॉर्स पोलो, घुड़दौड़ जैसे नेशनल और इंटरनेशनल गेम्स कॉम्पिटिशन के लिए जाते हैं। रोजाना 4-5 घंटे कड़ी ट्रेनिंग के बाद इन्हें बेहतर खेल के लिए तैयार किया जा रहा है। यहां खासतौर पर 3-8 साल तक के घोड़े हैं।

### इंटरनेशनल गेम्स के लिए घोड़ों को ट्रेनिंग

*खास बातचीत के दौरान ट्रेनर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सभी घोड़े तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में रोजाना सुबह 5.30 बजे से रात 9.30 बजे तक 5 बार चारा दिया जाता है। एक घोड़े को रोजाना 5 किलो चारा दिया जाता है, जो खास प्रोटीन और फाइबर से तैयार होता है। सुबह से शाम तक करीब 5 घंटे की ट्रेनिंग के बाद 56 मिनट की मालिश भी की जाती है, जो उनके हेल्दी डाइट प्लान में शामिल है।*

## सिटी इवेंट

### एनआईटी छात्रों को रक्षा तकनीक अनुसंधान से जोड़ने टेक इनोवेशन इकोसिस्टम बनाने पर जोर




**रायपुर।** एनआईटी के सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन ने रविवार को रक्षा अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विशेष इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया। यह सत्र संस्थान के फैकल्टी सदस्यों और शोधकर्ताओं के लिए विशेष रहा। आयोजन में वे रक्षा अनुसंधान में वर्तमान और उभरती हुई तकनीकों को समझ सकें और ये जान सकें कि एनआईटी रायपुर अपनी शोध क्षमताओं को किस प्रकार राष्ट्रीय रक्षा लक्ष्यों के अनुरूप संरेखित कर सकता है। इस विशेष इंटरैक्शन सत्र के मुख्य वक्ता भारत सरकार के रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एवं डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी रहे। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एआईसीटीई द्वारा पहले ही रक्षा प्रौद्योगिकी में माइनर डिग्री के कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जो पहले से ही कई एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों द्वारा शुरू किए जा चुका है और इसे एनआईटी रायपुर में भी शुरू किया जा सकता है, जिससे छात्रों को रक्षा तकनीक के मूलभूत और उभरते क्षेत्रों में मजबूत आधार मिल सकेगा। डॉ. रेड्डी ने कई उभरते शोध क्षेत्रों को चिन्हित किया, जिनमें एनआईटी रायपुर प्रभावी योगदान दे सकता है। इनमें क्वांटम मशीनें और एडवांस्ड सेंसर तकनीक, कॉम्पोजिट रॉकेट मोशन और प्रोपल्शन आधारित अनुसंधान, सौर सेल नवाचार तथा उच्च दक्षता वाले फोटोनिक उपकरण, बैटरी तकनीक जैसे लिथियम-एयर, मैग्नीशियम और सोडियम आधारित बैटरियां इत्यादि अंतर्विषयी अनुसंधान प्रमुख हैं। अकादमिक संस्थानों की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए, उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले वर्षों में भारत की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचार-प्रधान समाधानों की आवश्यकता होगी।

#### शोध कार्यों और रक्षा तकनीकों से प्रश्नोत्तरी

*इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें फैकल्टी सदस्यों ने अपने शोध कार्यों और रक्षा तकनीकों से जुड़े कई सवाल मुख्य वक्ता से पूछे। मुख्य वक्ता ने सभी सवालों के विस्तृत और संतोषजनक जवाब दिए। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रम्या सेल्वाराज, फैकल्टी इन चार्ज, इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता सहित एनआईटी रायपुर के, चेयरमैन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, डॉ. सुरेश हावरे, एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, डॉ. एस. सान्याल, मेंटर, सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन, फैकल्टी मेंबर्स एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ. कपिल सोनी, मेंबर, सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।*

# भारतीय नारी सदैव समाज की सृजन शक्ति और प्रेरणा रही : व्याख्याता

**रायपुर।** विद्या भारती के मार्गदर्शन में देशभर के सभी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में "सप्तशक्ति संगम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, देवेंद्र नगर में यह आयोजन रविवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह संयोजिका सुनीता पाण्डेय ने कहा कि भारतीय नारी सदैव समाज की सृजन शक्ति, प्रेरणा और मूल्यपरक जीवन का केंद्र रही है। वह केवल गृहिणी नहीं, बल्कि संस्कारों की जननी और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरक हैं। सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति के माध्यम से कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय पुनर्जागरण की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।




### पर्यावरण संरक्षण का प्रयास

*कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डूमरे ने की, जिन्होंने कहा कि समाज की सात शक्तियों में गुरु, विद्यार्थी, अभिभावक, पूर्व विद्यार्थी, समाजसेवी, दाता और संगठक को एकत्रित कर भारतीय संस्कृति के आदर्शों को जीवन में उतारना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। उन्होंने महिलाओं की भूमिका को केवल परिवार तक सीमित न मानते हुए कहा कि आज भारत के समग्र विकास में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर डॉ. मंजरी बक्षी ने अपने उद्बोधन में माता सीता और कौशल्या से लेकर अहिल्याबाई होल्कर, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला और विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर तक के उदाहरणों से भारतीय नारी के बहुमूल्य योगदान को उजागर किया। आयोजन में डॉ. शीला शर्मा, डॉ. मंजरी बक्षी, वर्षा मिश्रा, सुमन मुथा, दीक्षा अग्रवाल, प्रियदर्शनी दिव्य, अंजना वर्मा और अन्नू कंवर शामिल रहीं।*

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में जुटेंगी राजनीति-कला जगत की हस्तियां

**रायपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संगम मित्रों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 20-21 दिसंबर को होटल ओमाया गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटे. पल्लवी जायसवाल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में देश के प्रमुख वक्ताओं और मनोरंजन जगत की मशहूर हस्तियां शामिल होंगी। इनमें मुख्यत वक्ता के रूप में धर्मेंद्र प्रधान कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी सांसद, डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा, पूर्व प्रांतपाल रोटे. विवेक कृष्ण तन्खा राज्यसभा सांसद, सोनू शर्मा मोटिवेशनल स्पीकर, मेघा शर्मा बॉलीवुड एंकर कांफ्रेंस का हिस्सा बनेंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध बॉलीवुड गायकों, एक इंडियन आइडल डांस ट्रूप, एक हास्य कलाकार और अन्य प्रतिभाशाली मंच कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी होंगी। यह भव्य वार्षिक कार्यक्रम मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के 1000 से अधिक रोटरी सदस्यों को एक मंच पर साथ लाएगा। रोटरी सदस्यों में उद्योगपति, व्यवसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, शिक्षक, शासकीय अधिकारियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। दो दिवसीय आयोजन में जहां एक ओर आर्थिक समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सार्थक आपसी मेलजोल और व्यावसायिक सहयोग का अवसर प्रदान करेगा।

> 3261 रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संगम मित्रों का 20-21 दिसंबर को आयोजन

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस : शहर में कई ऐसे गुणी, जो निस्वार्थ सेवा देते हुए लोगों का संवार रहे जीवन

# शिक्षक नहीं, फिर भी सरोकार से जुड़कर जगा रहे शिक्षा की अलख, हुनर सिखाकर युवाओं को बना रहे हैं आत्मनिर्भर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** समाज को शिक्षा से जोड़ने की अहम कड़ी के रूप में सिर्फ शिक्षक ही नहीं होते, कुछ ऐसे लोग भी सरोकार से जुड़कर शिक्षा की अलख जगाने में अहम कड़ी के रूप में काम करते हैं। अलग-अलग क्षेत्र में हुनर सिखाकर युवाओं को आत्मनिर्भर भी बना रहे हैं। ऐसे लोगों की बात राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर लाजिमी है, जिनके प्रयास से विभिन्न क्षेत्र में लोग पारंगत हो रहे हैं। जबकि मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 11 सितंबर 2008 को घोषणा की थी कि भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया जाना चाहिए। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा रही है। इस शहर में कई ऐसे लोग हैं, जो वर्तमान दौर में भी इसे सार्थक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों को जानना इस मौके पर जरूरी हो जाता है।





### खुद योग सीखा, अब बना रहे आत्मनिर्भर



करीब सालभर पहले सरकारी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए छगन लाल सोनवानी योगगुरु के रूप में अब भी भनपुरी स्कूल में सुबह आसपास रहने वाले लोगों को योगाभ्यास कराने के लिए पहुंच जाते हैं। वे किसी को इसके लिए बुलाने नहीं जाते, जैसे ही सुबह 6 बजते हैं, लोग खुद ही योगाभ्यास के लिए वहां पहुंचते हैं। श्री सोनवानी ने बताया कि पहले खुद को इससे जोड़ने और विधा में पारंगत होने के बाद युवाओं को इससे जोड़ने का प्रयास किया। अभी तक 5 हजार से ज्यादा लोगों को योगाभ्यास की विधा सिखाने का दायित्व निभाया। साथ ही प्रदेश में 105 लोगों को योग मार्गदर्शक मंडल से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। कई योग शिक्षक के रूप में प्राइवेट स्कूलों में सेवा भी दे रहे हैं। इसके अलावा भनपुरी स्कूल में प्रतिदिन 30 से 40 लोगों को अभ्यास कराने जाते हैं।

### सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले को फ्री कोचिंग

पचपेड़ी नाका स्थित गुरुमुख सिंह नगर के आसपास की बस्ती के बच्चों को विगत 20 साल से शीला चक्रवर्ती फ्री कोचिंग देती हैं। हर साल सरकारी स्कूलों में पहली से 5वीं में पढ़ने वाले बच्चों को अपने घर में ही पढ़ना-लिखना सिखाती हैं। जिनके पास किताब-कॉपी, पेन और पेंसिल नहीं होते, उन्हें भी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने बताया कि गरीबी को सिर्फ शिक्षा से दूर किया जा सकता है। बच्चे शिक्षित रहेंगे तो वह अच्छा काम करके घर-परिवार चला सकते हैं। अभी तक 60 से ज्यादा शाला त्यागी बच्चों का दोबारा दाखिला कराने का दायित्व निभाया। इसके लिए उनके माता-पिता को समझाते हुए पढ़ाई के लिए अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराती हैं। प्रतिदिन दो पाली में 20 से ज्यादा बच्चों को निशुल्क कोचिंग देने के साथ होमवर्क भी कराती हैं।

### ड्राइंग-पेंटिंग के साथ वेस्ट से बना रहे बेस्ट

शहर के नरेश वाढेर गुरु नहीं हैं, लेकिन कला के लिए वे जीते हैं। भावी पीढ़ी ड्राइंग-पेटिंग की विधा से जुड़ने के साथ इससे आय भी अर्जित करे, इस लायक अभी तक 200 से ज्यादा युवाओं को बनाने में सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब युवाओं को वेस्ट से बेस्ट बनाने और इससे पैसे कमाने का हुनर सिखा रहे हैं। बादाम के छिलके, टीशु पेपर, रद्दी पेपर जैसी कई अनुपयोगी चीजों से दोबारा नई चीजों को बनाने की कला सीखने में युवा इंट्रेस्ट लेते हैं। कई युवा ऐसे हैं, जो इस काम को करते हुए अपनी पढ़ाई का खर्च भी निकाल रहे हैं। कई युवा ग्रुप बनाकर इस काम को कॉलोनियों में लोगों से आर्डर लेकर करते हुए आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं।

## धर्म लाइव

# 23वां नवकार जाप, जैन समाज ने लिया शाश्वत महामंत्र का लाभ



**रायपुर।** श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर परिसर में रविवार को प्रातः 9 बजे से 9.48 बजे तक सकल जैन समाज के शाश्वत महामंत्र नवकार जाप का 23वां क्रम संपन्न हुआ। इस पवित्र आयोजन में जैन समाज के साधार्मिक जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आध्यात्मिक उन्नति के इस साधन का अनुभव किया। नवकार जाप समूह और श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन सेवा समिति डीडीनगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आशीष जैन, राजेंद्र पारख, वीरेंद्र डागा, निकुंज साचला, मनोज जैन, नरेश सिंघई, यशवंत जैन, वर्षा जैन, विकास जैन, राजेश जैन, प्रमिला जैन, जैकी संचेती और दीपक जैन की उपस्थिति रही।

### मानसिक शांति व आध्यात्मिक ऊर्जा का अहसास

इस अवसर पर नवकार जाप ग्रुप के वीरेंद्र डागा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवकार जाप ग्रुप द्वारा प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को नवकार जाप का आयोजन विभिन्न संघों के सहयोग से अलग-अलग क्षेत्रों में निरंतर किया जा रहा है। इस पवित्र साधना का उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य को मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक भक्ति का अनुभव कराना है। इस बार के जाप में उपस्थित साधार्मिक जनों ने शाश्वत महामंत्र की उच्चारण शक्ति का लाभ उठाते हुए आध्यात्मिक उन्नति और आंतरिक शांति की अनुभूति की।

## समाज लाइव

# संत नामदेव जयंती पर जुटा समाज प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** संत शिरोमणि संत श्री नामदेवजी की 755वीं जयंती पर समाज के युवा-युवती प्रकोष्ठ जिला शाखा के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविंद्र मंच के मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान आरएसएस के संघ प्रचारक नारायण नामदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, इसरो के वैज्ञानिक रवि नामदेव पहुंचे। नामदेव समाज विकास परिषद युवा जिला अध्यक्ष अविनाश नामदेव ने कहा कि समाज को एकजुट करना ही हमारा मूल उद्देश्य है।

### देवी के नौ रूपों का किया प्रदर्शन

नामदेव समाज के कार्यक्रम में समाज की महिलाओं द्वारा देवी के नौ रूपों का प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही संत श्री नामदेवजी के मॉडल एकजीवेहसन, पाक-कला, रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, संगीत, डांस, फैंसी, ड्रेस, श्लोक, साथ ही महिलाओं ने कई ग्रुप कॉम्पिटिशन किए। कार्यक्रम में श्री नामदेव समाज विकास परिषद के संरक्षक केएल नामदेव, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश नामदेव, जिला अध्यक्ष नारायण नामदेव, महामंत्री धर्मेश नामदेव, महिला प्रांत अध्यक्ष सुषमा नामदेव, महेंद्र नामदेव आदि समाजजन मौजूद रहे।

## आराधना

# श्रीमद भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा, जयघोष से हुआ स्वागत



**रायपुर।** खमतराई क्षेत्र में सोमवार से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भक्तिमय माहौल में निकाली गई कलश यात्रा के साथ किया गया। आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पार्षद गज्जू साहू एवं परिवार के सदस्यों समेत क्षेत्र की महिलाएं भी उत्साह से यहां पहुंचीं। कलश यात्रा जिस क्षेत्र से भी गुजरी, लोगों ने जयघोष के साथ स्वागत किया। इसमें भगवान शिव और माता पार्वती के साथ नंदी की वेशभूषा में आकर्षक स्वरूप दिया। कलश यात्रा में महिलाएं पीली साड़ी पहनकर सिर पर कलश लेकर अगवानी कर रही थीं। कथावाचक डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज रथ पर विराजमान थे। इसमें शामिल लोगों ने बड़े उत्साह के साथ कलश यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### कर्म का बोध कराने वाली कथा

कथा प्रसंग में महाराजश्री ने बताया कि भगवान से रिश्ता बनाने से व्यक्ति के दुख दूर हो जाते हैं। उसको अपने स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। वह अज्ञान से भी मुक्त हो जाता है, जो व्यक्ति मोह के जाल में फंसने के बाद भगवान का ध्यान नहीं करता, उसे आत्मबोध नहीं होता। श्रीमद भागवत कर्म का बोध कराने वाली कथा है। बतौर यजमान सुदर्शन साहू, डेल्ली वाई साहू, मान बाई, गज्जू साहू, गोदावरी और निरंजन साहू शामिल हुए। कथा सुनने के लिए श्रोताओं की भीड़ को देखते हुए पर्याप्त इंतजाम आयोजकों ने किया है।

● शादी की रिसेप्शन पार्टी में नवदंपति को शुभकामनाओं के साथ उपहार भेंट करने की परंपरा को बनाएं यादगार

# दूल्हा-दुल्हन को उपहार भेंट दे रहे कस्टमाइज्ड ज्वेलरी, चांदी-पीतल की मूर्तियां, फोटो फ्रेम

*शादी की रिसेप्शन पार्टी में दूल्हा-दुल्हा को शुभकामनाएं देने के साथ ही उपहार भेंट करने का रिवाज है। ऐसे में नवदंपति के लिए चांदी-पीतल से निर्मित मूर्तियां, कस्टमाइज्ड ज्वेलरी, फोटो फ्रेम स्पेंसिव गिफ्ट ऑप्शन के तौर पर चुन सकते हैं। ये उपहार दूल्हा-दुल्हन के लिए यादगार बन जाएंगे। राजधानी के गोलबाजार स्थित गिफ्ट कार्नर के संचालक का कहना है कि आजकल शादियों में उपहार भेंट करने गिफ्ट आयटम्स में पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स, फोटो फ्रेम, सजावटी दीवार पेंटिंग, प्रिंट या प्रेरणादायक उद्धरण जैसी फ्रेमयुक्त दीवार कलाकृतियां चलन में हैं।*



**रायपुर।** शहर के कस्टमाइज ज्वेलरी शॉप के संचालक आयुष शर्मा का कहना है कि कस्टमाइज ज्वेलरी में अपनी पसंद के अनुसार गहने बनवा सकते हैं, जिनमें नाम, डिजाइन या कोई विशेष संदेश लिखा सकते हैं। आमतौर पर हस्तनिर्मित, जो कि विभिन्न धातुओं और रत्नों का उपयोग करके बनाए जाते हैं। मौजूदा डिजाइंस चुन सकते हैं या बिल्कुल नया डिजाइन का शादियों के लिए कस्टमाइज ज्वेलरी बनवा सकते। शादी के सीजन आते ही कस्टमाइज ज्वेलरी का डिमांड बढ़ जाता है। इन




वेडिंग गिफ्ट आयटम्स के विक्रेताओं का कहना है कि यह सभी उपहार भेंट की वस्तुएं शादी रिसेप्शन के लिए बेस्ट इस्पेंसिव गिफ्ट आयटम्स में शामिल हैं। यह एक ऐसा गिफ्ट है, जो नए कपल के लिए बहुत खास फील कराने वाला होता है। शादी का अवसर हो और उपहार न दिया जाए, ऐसा हो ही नहीं सकता, जो न केवल बजट में फिट हो, बल्कि नए कपल के लिए उपयोगी और यादगार भी हो। अगर कुछ बेहतरीन बजट-फ्रेंडली उपहार आइडियाज, जो नए जोड़े को बहुत पसंद आएंगे और उनकी जिंदगी में एक खूबसूरत याद बन जाएंगे।

### प्रकृति से प्रेरित दीवार कलाकृतियां

एक खूबसूरत फोटो फ्रेम एक ऐसा गिफ्ट है, जो नए कपल के लिए बहुत खास होगा। इसमें वे अपनी शादी की तस्वीरें या अन्य यादगार पलों की तस्वीरें रख सकते हैं। यह उपहार उनके घर को सजाने के साथ-साथ उनके रिश्ते की खूबसूरत यादों को भी संजोएगा। वहीं सजावटी दीवार पेंटिंग, प्रिंट या प्रेरणादायक उद्धरण जैसी फ्रेमयुक्त दीवार कलाकृतियां घर की सजावट के लिए बेहतरीन उपहार हैं। ये सजावटी वस्तुएं किसी भी कमरे की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं और जोड़े के खास दिन की याद दिलाती रहेंगी। मेटल फ्रेम वाली दीवार कला से लेकर उभरी हुई और प्रकृति से प्रेरित दीवार कला तक शामिल है।



### उपहार को संजोकर रखेंगे कपल

अगर एक ऐसा उपहार देना चाहते हैं, जो सच में अनोखा हो और कपल के लिए यादगार बने तो पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। उनकी पसंदीदा फोटो वाले किसी आइटम को गिफ्ट कर सकते हैं। यह उपहार न केवल बेहद खास होगा, बल्कि वे इसे हमेशा संजोकर रखेंगे। शादियों के पारंपरिक रिटर्न गिफ्ट में अक्सर चांदी या पीतल की वस्तुएं, जैसे प्लेटें, गिलास या मूर्तियां चलन में देखी जा रही हैं। ये वस्तुएं समृद्धि का प्रतीक हैं और नवविवाहितों के लिए शुभ मानी जाती हैं।

### होम लाइब्रेरी के लिए बुकएंड या हॉबी की किताब

अगर दूल्हा-दुल्हन किताबों के शौकीन हैं तो फ्रेंडली उपहार के रूप में उनकी निजी लाइब्रेरी के लिए घोड़े के आकार का खूबसूरत बुकएंड निश्चित रूप से लाइब्रेरी की शोभा बढ़ा देगा। एक अनोखा और आकर्षक बुकएंड, जिसमें घोड़े का आधा शरीर बाईं ओर और आधा शरीर दाईं ओर उकेरा गया होता है। यह उपहार भेंट शादी गिफ्ट के तौर पर आकर्षण और प्रभावी व्यक्तित्व का स्पर्श जोड़ता है।

# न्याय की नींव साक्ष्य आधारित सत्य पर टिकी है कानून और विज्ञान के बीच सेतु निर्माण आवश्यक




**रायपुर।** हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत स्थित सेंटर फॉर लॉ एंड फॉरेंसिक्स द्वारा फॉरेंसिक साइंस और विधि के अंतर्संबंध एवं भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली के भविष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में केंद्रित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी , छत्तीसगढ़ तथा नेशनल फॉरेंसिक साइंसेस यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वीसी विवेकानंदन ने कहा कि न्याय की नींव साक्ष्य-आधारित सत्य पर टिकी है और कानून तथा विज्ञान के बीच मजबूत सेतु का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने फॉरेंसिक साइंस सेंटर में फॉरेंसिक लॉ लैब्स के विकास का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इससे विधि शिक्षा में प्रायोगिक व तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ किया जा सकेगा। मुख्य अतिथि डॉ. अर्नीत अरोड़ा, विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक साइंस निर्णायक भूमिका निभा रही है तथा साक्ष्यों की वैज्ञानिक जांच न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता को बढ़ाती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. टीएल चंद्रा, संयुक्त निदेशक, स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रायपुर ने जांच एजेंसियों की तकनीकी उन्नयन के माध्यम से सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 19 तकनीकी सत्र का आयोजन

*दो दिवसीय सम्मेलन में कुल 19 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 38 विशेषज्ञों ने अध्यक्षता की। प्राप्त 340 से अधिक शोध-सारों में से 140 अनुसंधान पत्रों का चयन प्रस्तुतिकरण हेतु किया गया, जिन्हें चार थीमैटिक ट्रैक्स में 170 प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़, गुजरात, पंजाब, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, हरियाणा, केरल, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. पंकज उमबरकर, अभिनव के. शुक्ला, डॉ. प्रियंका मोहोड़, डॉ. पर्वेश कुमार राजपूत, डॉ. एरिट्रिया रॉय और जीवन सागर के साथ छात्र टीम द्वारा किया गया।*

# श्रीराम ही हनुमान बनकर भरत की प्राण रक्षा के लिए पधारते हैं



**रायपुर।** रामायण में दो विवाह कैंसिल हुए और दो विवाह सफल हुए। भगवान श्रीराम-सीता और भगवान शंकर-पार्वतीजी का विवाह सफल हुआ, कारण कि इन्होंने गुरु की आज्ञा का अनुगमन किया। सूर्पनखा का विवाह कैंसिल हुआ, क्योंकि वह स्वयं दूल्हा ढूंढने निकली थी। नारद का विवाह भी कैंसिल हुआ, वे दुल्हन ढूंढने चले थे। व्यासपीठ से श्रीधाम अयोध्या उत्तरप्रदेश से पधारे अनंत विभूषित स्वामी सियारामशरण दास महाराज ने श्रीदूधाधारी मठ महोत्सव सत्संग भवन रायपुर में श्रोताओं को श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए अपने प्रवचन में उक्त बातें कही। उन्होंने राम-रावण युद्ध से लेकर भगवान के राज्याभिषेक तक की श्रीरामचरितमानस एवं वाल्मीकि रामायण की कथा श्रद्धालुओं को सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीरामचंद्रजी ही हनुमान बनाकर भरतजी के पास उनकी प्राण रक्षा के लिए पधारते हैं। वे जानते हैं कि देर होने पर कोई अनहोनी न हो जाए, भाई भारत सत्य प्रतिज्ञ हैं।

### समापन अवसर पर राजेश्री महंत ने किया संबोधित

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दासजी महाराज ने कहा कि यह कार्यक्रम गुरुदेव राजेश्री महंत वैष्णव दासजी महाराज की पावन स्मृति में विगत 30 वर्षों से अनवरत आयोजित होता आ रहा है। इस मंच पर देश के जाने-माने ख्यातिलब्ध आचार्यों ने पधारकर कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया है।



अयोध्या से पधारे हुए अनंत विभूषित श्रीस्वामी सियारामशरण दासजी महाराज ने हम सभी को कथा सुनाकर आनंदित किया है, उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समापन अवसर पर व्यासपीठ पर विराजित आचार्यजी का ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों के द्वारा शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। सम्मानित करने वालों में ट्रस्ट कमेटी के सदस्य विजय कुमार पाली, रामकृष्ण पाली, अवनींद्रनाथ ठाकुर, विनोद मंगल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुखराम दास, रामछबि दास आदि शामिल रहे।

स्कूल-कॉलेज के बाद बैकअप कॅरियर ऑप्शन में चित्रकला पहली पसंद

# क्रिएटिव हुनर बन रही कॅरियर अपॉर्चुनिटी प्रोफेशनल होकर युवा खुद को बना रहे काबिल

कार्नर न्यूज

*रायपुर। बदलते वक्त के साथ युवा अब अपने शौक को कॅरियर का रूप देने लगे हैं। पहले जहां चित्रकारी, रंगोली और क्रॉफ्ट जैसी कलाओं को सिर्फ मनोरंजन का माध्यम माना जाता था, वहीं ये हुनर अब नई कॅरियर अपॉर्चुनिटी के दरवाजे खोल रहा है। स्कूल और कॉलेज के साथ-साथ युवा प्रोफेशनली तौर पर कला सीख रहे हैं और बिजनेस मॉडल तैयार कर रहे हैं। बातचीत के दौरान युवाओं ने कहा कि,हम कम समय में स्टेबल होकर क्रिएटिव फील्ड में आगे बढ़ना और अपने यूनिक आइडियाज को इंडस्ट्री में लॉन्च करना चाहते हैं। इन दिनों यह पढ़ाई के अलावा आय का साधन बन चुका है, जहां काम कर हम खुद अपनी पढ़ाई का खर्च उठा सकते हैं।*

### 18 की उम्र में चित्रकला को बनाया कॅरियर



बचपन से ही पेंटिंग में रुचि रखने वाली 18 वर्षीय मोक्शी सेन ने बताया कि उन्होंने अब अपने शौक को प्रोफेशनल कॅरियर में बदलने का फैसला किया है। कहा कि बारहवीं के बाद मैंने फाइन आर्ट्स में प्रोफेशनल कोर्स जॉइन किया। अब मेरा हर दिन खुद को बेहतर बनाने और अपनी कला को निखारने में बीतता है। स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद दो साल का फाइन आर्ट्स कोर्स शुरू किया है, और इसके बाद ग्रेजुएशन और मास्टर डिग्री भी इसी क्षेत्र में करने की योजना है। वे भविष्य में क्रिएटिव इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाना चाहती है।

### पेंटिंग को बैकअप कॅरियर बनाने की दिशा में प्रयास



कला में बचपन से रुचि रखने वाले 18 वर्षीय प्रांजल सोनबर ने बताया कि वे पेंटिंग, कैनवास और रंगोली सीख रहे। जो कॉलेज के साथ-साथ अपने शौक को भी आगे बढ़ाना चाहते हैं। हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा कि भविष्य में कला बैकअप कॅरियर के लिए सीख रहे, ताकि आने वाले दिनों में कला के क्षेत्र में कॅरियर अपॉर्चुनिटी हासिल कर सकें। हम दोनों भाई अपनी कला को इस तरह तैयार कर रहे हैं कि आने वाले समय में हम फाइन आर्ट्स या क्रिएटिव इंडस्ट्री में अपना नाम बना सकें।

### एडवोकेट की पढ़ाई के साथ चित्रकारी में रुझान



सपना राय ने बताया कि एडवोकेट की पढ़ाई और कोचिंग में बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें पेंटिंग का भी शौक है। शादी से पहले बागबहरा में सुविधा न होने के कारण, सीखने का मौका नहीं मिला, लेकिन अब राजधानी में संस्थानों के साथ जुड़कर आर्टवर्क सीख रही, यह मेरे भविष्य का बैकअप कॅरियर प्लान है, जिसके लिए मैं रोजाना 4-5 घंटे का वक्त देना पसंद करती हूं।

### स्कूल के बाद प्रोफेशनल रंगोली कोर्स



21 वर्षीय निखिल साहू ने बताया कि स्कूल के बाद कोचिंग क्लास ज्वाइन कर सीखना शुरू किया, अब कुछ सालों बाद खुद का कोचिंग सेंटर शुरू करना है। जहां मैं दूसरे बच्चों को रंगोली और चित्रकला सिखाऊंगा। इन दिनों मैं खुद को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा हूं, ताकि आने वाले वक्त में बिजनेस शुरू कर सकें।

डाक्टर की सलाह लें और अपने खानपान पर दें विशेष ध्यान

# रिपोर्ट में फैटी लिवर बता रहा है, घबराएं नहीं, तुरंत शुरू कर दें बचाव के उपाय

हमारे शरीर के सबसे जरूरी ऑर्गन्स में से एक लिवर माना जा सकता है। लिवर के साथ दिक्कत यह होती है कि एक बार इसमें कुछ गड़बड़ी शुरू हो गई, तो शरीर के कई अन्य फंक्शन्स में भी दिक्कत होने लगेगी। लिवर की कोई भी बीमारी अगर शुरू हो रही है, तो उसके पहले आपका शरीर आपको धीरे-धीरे संकेत देने लगेगा। लिवर शरीर के ऐसे हिस्से में मौजूद होता है जहां जरा सी भी जलन या दर्द आपके पेट, आंतों और दाहिनी तरफ के हिस्से पर असर डाल सकती है।

लिवर का सबसे जरूरी फंक्शन होता है हमारे शरीर में बाइल जूस को बनाना जिससे न्यूट्रिएंट्स जैसे फैट्स और विटामिन ठीक तरह से डाइजेस्ट हो सकें। अगर यही काम किसी वजह से अटकता है, तो फैटी लिवर डिजीज हो जाती है। इसके बारे में फोर्टिस हॉस्पिटल आनंदपुर (कोलकाता) के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के असोसिएट कंसल्टेंट डॉक्टर तुहिन मित्रा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सबसे कॉमन लिवर डिजीज है जिस पर अगर ध्यान ना दिया गया, तो आगे चलकर यह बहुत सीरियस हेल्थ कंडीशन बन जाती है।



## क्या है फैटी लिवर?

यह नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज है। जैसा कि नाम है यह बिल्कुल वैसा ही है कि लिवर के इर्द-गिर्द फैट्स बहुत जम जाते हैं। इसके कारण बाइल जूस ठीक से नहीं बन पाता और आपके लिवर को एक्स्ट्रा काम करना पड़ता है। इस हेल्थ कंडीशन से अधिकतर लोग परेशान हैं।

## क्यों होता है फैटी लिवर?

फैटी लिवर होने का सबसे अहम कारण है अल्कोहल का सेवन। जो लोग ज्यादा अल्कोहल पीते हैं उनका लिवर इस समस्या से ज्यादा परेशान हो सकता है। कुछ मामलों में यह तम्बाकू और अनडाइल्यूटेड स्पिरिट्स या दवाओं के कारण भी हो सकता है। इसके साथ ही, यह बीमारी ऐसे लोगों को भी हो सकती है जो अल्कोहल नहीं लेते और इस केस को नॉन एल्कोहलिक पैटी लिवर डिजीस (एनएएफएलडी) कहा जाता है। यह इन्फेक्शन, जेनेटिक्स, टाइप 2 डायबिटीज, ओवरवेट, एक्स्ट्रा फैट आदि बहुत सी चीजों के कारण हो सकती है। कई बार ट्राइग्लिसराइड्स जैसी समस्या के कारण लिवर फैट बढ़ जाता है।

अगर यह अल्कोहल की वजह से नहीं है, तो लिवर को मूलभूत कोई नुकसान ना हुआ हो ऐसा मुमकिन है। इस मामले में लिवर की सूजन और अन्य तरह का डैमेज तब शुरू होता है जब फैटी लिवर को कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता। इस कंडीशन को नॉन एल्कोलिक स्टीयटो हेपेटाइटिस (एनएएसएच) कहा जाता है।


## फैटी लिवर से डील करने के तरीके

डॉक्टर तुहिन मित्रा के मुताबिक, अगर फैटी लिवर परेशान कर रहा है, तो लाइफस्टाइल को बदलना बहुत जरूरी है। ऐसे में आपको सही मात्रा में खाना-पीना करना होगा। अपने वजन का ध्यान रखना होगा, बहुत ज्यादा अल्कोहल पीना बंद करना होगा।

ऐसे मामले में सबसे पहले आपको अपना वजन कम करने की जरूरत है। अगर किसी को फैटी लिवर की समस्या है, तो उसे कम से कम 7% बॉडी वेट कम करना होगा। इस वेट लॉस और एक्टिविटी का असर शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट्स पर होगा जिससे लिवर की समस्या ठीक होने लगेगी। अगर कोई और बीमारी है जिसकी वजह से वेट लॉस मुमकिन नहीं है, तो आप एक बार किसी डाइटीशियन से भी कंसल्ट करें जो आपको सही फिटनेस रिजीम बनाकर दे।

## फैटी लिवर होने पर खाएं इस तरह के फूड्स

आपको अपनी डाइट में फ्रूट्स और सब्जियों को शामिल करना होगा। इसमें खासतौर पर हरी पत्तेदार सब्जियां खाना जरूरी है। हाई फाइबर फूड्स जैसे दाल, ओटमील, नट्स आदि बहुत जरूरी है। विटामिन-ई से भरपूर फूड्स भी खाए जा सकते हैं जैसे राई, एवोकाडो, ऑलिव ऑयल, नट बटर और मछली।



# अब बिना घिसे ऐसे साफ होगी जली हुई कड़ाही, बस इन चीजों का करें इस्तेमाल

कुछ आसान टिप्स की मदद से जली हुई कढ़ाही को भी मिनटों में चमका सकती हैं। इसे चमकाने के लिए आपको केवल 3 चीजों की जरूरत होगी।

खपरैल की मदद से आप अपने जले हुए कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल बालू लेना होगा। पहले बालू को कड़ाही पर लगाएं और फिर खपरैल की मदद से कड़ाही की सफाई करें। ऐसा करने पर आपका कड़ाही साफ हो जाएगा।

जले हुए लकड़ी जिसे आम भाषा में राख कहा जाता है इसकी मदद से भी आप चाहे तो कड़ाही की सफाई कर सकती हैं। राख की मदद से कड़ाही की सफाई मिनटों में हो जाती हैं। अगर आपका कड़ाही काफी ज्यादा जल गया है तो आपको अपने कड़ाही को राख की मदद से साफ करना चाहिए। खपरैल लें और फिर राख लगाएं ऐसे में आपका कड़ाही मिनटों में साफ हो जाएगा। सैंड पेपर की मदद से आप चाहे तो कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। सैंड पेपर का इस्तेमाल केवल घर की सफाई के लिए ही नहीं बल्कि कड़ाही की सफाई के लिए भी किया जा सकता है।

# फाइनल में मेट्स पैंथर्स, चैलेंजर्स ने 2-0 से खोया मुकाबला



रायपुर। छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग के अंतर्गत दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि इस मैच का हिस्सा बने। अंत तक मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में ये मैच खेले गए। पहला मुकाबला कलिंगा यूनिवर्सिटी और मेट्स यूनिवर्सिटी के इंटरनेशन छात्रों के मध्य मैत्री मैच का रहा, जिसमें मेट्स यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने मुकाबले में बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए 2–1 से जीत दर्ज की। टीम के लिए टोटल और डांटे ने शानदार गोल किए, कलिंगा की ओर से ऑक्टेवियस द्वारा एक गोल किया गया।

## दूसरे गोल ने बदला मैच

दूसरा मैच क्वालीफायर-2 राउंड के अंतर्गत नरेश चैलेंजर्स और मेट्स पैंथर्स के मध्य खेला गया। इस मैच में पैंथर्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज करते हुए अपना स्थान फाइनल में दर्ज किया। पैंथर्स के लिए विशाल ने 5वें मिनट में पहला गोल किया, वहीं नितेश ने 49वें मिनट में दूसरा गोल दागा। मैच के दूसरे हाफ में हुए इस गोल के बाद मुकाबला लगभग एकतरफा नजर आया। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के खेल विभागाध्यक्ष प्रो.राजीव चौधरी, क्लब के मुस्ताक अली प्रधान, प्रवीण जैन, इमरान खान, मनोज बोथरा, सुमित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिपः छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर, जीते 15 पदक

**रायपुर।** राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 7 से 9 नवंबर तक अमृतसर के बीबीके डीएवी महिला महाविद्यालय में हुई। प्रतियोगिता थाई बॉक्सिंग इंडियन फेडरेशन के तत्वावधान में पंजाब थाई बॉक्सिंग संघ की ओर से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 21 सदस्यों के दल ने हिस्सा लिया। इसमें 7 बालक और 10 बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनीस मेमन, महासचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 15 पदक



जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप में तृतीय स्थान हासिल किया। चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र और द्वितीय स्थान पर दिल्ली रहा। मुकाबलों में रायपुर की प्रियंका साहू और मानसी तांडी ने स्वर्ण जीता वही बालोद की अंजली साहू, चिकलेश्वरी और भामन कुमार सिन्हा ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। इसके अलावा बालोद के संयम यादव, आयुष जसूजा और मनीष देशमुख ने रजत पदक जीता। दंतेवाड़ा के मंगल साय नाग ने कांस्य पदक जीता। टिकेश्वरी साहू को थाई बॉक्सिंग इंडियन फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ.कुलदीप सुमनाक्षर और महासचिव रविंदर सिंह ने चैंपियनशिप में आउट स्टैंडिंग सहयोग के लिए विशेष सम्मान से नवाजा।



ताज़ियाती पैग़ाम

हमें दुख हैं यह सुचित करते हुए मिसेज़ ख़ातूननिशा ढेबर अब नही रहे
वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं उनके निधन से ढेबर परिवार सहित उनके निवास क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हैं।
स्व.माता जी ने अपना जीवन सादगीपूर्ण,समरसता और समाज सेवा के साथ जीया उन्होने सदैव परिवार और समाज को एकजुट रखने का कार्य किया

उनका अतिंम संस्कार (नमाज़-ए-जनाजा) मौहदापारा कब्रिस्तान, रायपुर में
कल 11 नवंबर, मंगलवार को शाम 5 बजे किया जाएगा।
बेटे
हनिफ ढेबर,अख्तर ढेबर,यहाया ढेबर,अनवर ढेबर,एजाज ढेबर

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जॉन-एरिक ने शूटिंग के दौरान खुद पर चला दी थी गोली



कभी-कभी किस्मत इतनी क्रूर होती है कि शोहरत के दरवाजे खुलने से पहले ही जिंदगी पटाक्षेप कर देती है। हॉलीवुड के एक सितारे के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। उसका नाम था जॉन-एरिक हेक्सम। जिसकी कहानी ग्लैमर, उम्मीद और एक असावधानी से हुई मौत को बयां करती है। जॉन-एरिक हेक्सम का जन्म 5 नवम्बर 1957 को अमेरिका के न्यू जर्सी में हुआ था। बचपन से ही उनमें करिश्माई व्यक्तित्व और आत्मविश्वास झलकता था। कॉलेज के दिनों में मॉडलिंग से शुरुआत करते हुए उन्होंने जल्द ही अभिनय की ओर कदम बढ़ाया। उनकी काया, मुस्कान और सहज संवाद अदायगी ने उन्हें टेलीविजन का एक परफेक्ट चेहरा बना दिया। 1982 में आई सीरीज 'वॉएजर्स!' से उन्हें पहली पहचान मिली, और उसके बाद 'कवर अप' ने उन्हें युवा दर्शकों का पसंदीदा बना दिया। परंतु 1984 में उनकी जिंदगी का अध्याय अचानक और भयावह तरीके से बंद हो गया। डॉनेली पॉल की लिखी 'फेड टू ब्लैकः अ बुक ऑफ ऑबिच्युरी' में उस दुखद घटना का जिक्र है। वो अक्टूबर का महीना था, जब कवर अप की शूटिंग लॉस एंजेलिस में चल रही थी। सीन में उन्हें एक पिस्तौल इस्तेमाल करनी थी। वो एक प्रॉप गन थी जिसमें असली गोली नहीं, बल्कि ब्लैंक कारतूस भरे गए थे। शूटिंग के दौरान लंबे इंतजार से ऊबकर हेक्सम मजाक करने लगे।

### टॉलीवुड

## लिवर की बीमारी से जूझ रहे एक्टर अभिनय किंगर का निधन



तमिल फिल्मों के जाने-माने एक्टर अभिनय किंगर का सोमवार सुबह निधन हो गया। 44 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से लिवर की गंभीर बीमारी से परेशान थे। उनके निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में दुख की लहर है। फैंस और कई सेलेब्स सोशल मीडिया पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अभिनय किंगर ने 2002 में निर्देशक कस्तूरी राजा की फिल्म 'थुल्लुवथो इलमई' से अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। इस फिल्म में धनुष ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। युवाओं की जिंदगी और उनके संघर्ष पर बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी और इसी से अभिनय को पहचान मिली थी। इसके बाद उन्होंने जंक्शन, सिंगारा चेन्नई, पोनमलाई, सोला सोला इनिक्कुम, पलैवना सोलई, थुप्पाक्की और अंजान जैसी कई फिल्मों में काम किया। वह तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा में एक्टिव रहे और 15 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा बने। अभिनय सिर्फ एक्टर ही नहीं, बल्कि बेहतरीन डबिंग आर्टिस्ट भी थे। उन्होंने थलपति विजय की फिल्म थुप्पाक्की में विद्युत जामवाल के किरदार को आवाज दी थी। वहीं, सूर्या की फिल्म अंजान में भी उनकी डबिंग को काफी पसंद किया गया था। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई ऐड्स में भी काम किया था और अपनी मेहनत से एक मजबूत पहचान बनाई थी। अभिनय का जन्म एक फिल्मी परिवार में हुआ था। उनकी मां टी.पी. राधामणि मलयालम फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस थीं. उन्होंने नेशनल अवॉर्ड विनिंग मराठी फिल्म 'उत्तरायण' में भी अभिनय किया था।

### भोजपुरी


## शिवानी का गाना 'पिया बहरा ना जाईं जी' हुआ रिलीज



भोजपुरी की बेस्ट अवार्ड जीतने वाली अदाकारा माही श्रीवास्तव भोजपुरी फिल्मों और गानों में मोहक अदा से करोड़ो दिलों पर राज कर रही हैं। वह जब भी कोई गाना लेकर अपने फैंस एवं आडियंस से रूबरू होती हैं तो सबकी धड़कने तेज हो जाती हैं। उनकी अदायगी और रूप सौंदर्य देखकर लोगों में चार सौ चालीस वोल्ट के करंट का एहसास होता है। ऐसे में अदाकारा माही श्रीवास्तव संगीतप्रेमियों के मनोरंजन के लिए बहुत प्यारा भोजपुरी लोकगीत 'पिया बहरा ना जाईं जी' लेकर आई हैं, जिसमें वह दिलकश अदा से सबका दिल लुभा रही हैं। इस गाने को मधुर आवाज में फेमस सिंगर शिवानी सिंह ने गाया है। उनकी सुरीली स्वर श्रोताओं के कानों मिसिरी से घोल रही है। यह लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव इंडियन लुक बला की खूबसूरत लग रही हैं। वह लोगों पर कातिल अदा से बिजली गिरा रही हैं। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव को जब पता चलता है कि उनका पति बाहर पैसा कमाने के लिए जाने वाला है तो उसे वह अपने से दूर नहीं जाने देना चाहती है। इसलिए वह अपने पति को समझाते हुए कहती हैं कि...'धइला जे बहियां छोड़इहा नजे सइयां, महला ना चाही हमरा नीक बा मड़इया, बट बट सोही रउवा घरवे में रहीं, संगे संगे जिनगी बिताईं जी, घरहीं कमाईंअउरी घरहीं खाईं जी, पिया बहरा ना जाईं जी...'। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत 'पिया बहरा ना जाईं जी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर शिवानी सिंह ने मधुर आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव ने कयामत ढा दिया है।

## रमा दुवाजी बनीं फैशन सेंसेशन

### लाइफ स्टाइल



न्यूयॉर्क की नई फर्स्ट लेडी रमा दुवाजी ने अपने पति जोहरन ममदानी के मेयरल इलेक्शन नाइट पर ब्लैक वेलवेट आउटफिट में सबका ध्यान खींच लिया। उनके लुक में शामिल फिलिस्तीनी 'तत्रीज़' एम्ब्रॉयडरी सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि पहचान और एकता का संदेश थी। फिलिस्तीनी-जॉर्डनियन डिजाइनर जैद हिजाजी के टॉप और उला जॉनसन की स्कर्ट में रमा ने साइलेंट सॉलिडेरिटी का प्रतीक दिखाया। रमा दुवाजी ने दिखाया कि नई जनरेशन की फर्स्ट लेडीज भी परंपरा और विचार दोनों को साथ लेकर चल सकती हैं।

## आयुर्वेदिक पाउडरों से धोएं अपने बाल



बाजार में कई हेयर केयर प्रोडक्ट आते हैं, जो बालों की कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं लेकिन इनमें मिले केमिकल की वजह से इसका असर कुछ दिन तक रहता है।

यानी कि अगर आप इसका लगातार इस्तेमाल करेंगे तब तो आपके बाल सही रहेंगे, वरना कई तरह की परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक पाउडरों के बारे में जानना चाहिए जिनसे बाल धोने के बाद आपको कई परेशानियों के छुटकारा मिल जाएगा। आपको शिकाकाई, आंवला और रीठा के पाउडरों से बाल धोने का सही तरीका जानना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले तीनों पाउडरों को बराबर मात्रा में निकाल कर अलग रख लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालकर ये मिला दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो उससे बालों को धो लें। इस घोल से आपके सिर पर झाग बनने लगेगा, जिसके बाद आप सादा पानी से बाल धो सकते हैं। अगर आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों से अपने बाल नियमित रूप से धोएंगे तो इससे आपके सिर की जड़ों पर जमने वाले अतिरिक्त तेल से आपको राहत मिलेगी। बालों में जमने वाली गंदगी को दूर करने में ये आयुर्वेदिक पाउडर काफी मददगार रहते हैं। इनके इस्तेमाल से बालों की मजबूती भी बरकरार रहती है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं तो आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा दोमुंहे हैं तो ये आयुर्वेदिक पाउडर आपकी इस समस्या को भी दूर करने में मददगार हैं।

## सिंपल साड़ी के साथ वियर करें हैवी डिजाइन ब्लाउज




साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ अच्छे डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करती हैं।आजकल मार्केट में अलग-अलग तरह की साड़ी के डिजाइन मिल जाते हैं। लेकिन हर बार हैवी साड़ी पहनने की वजह से कई बार हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप सिंपल साड़ी खरीद सकती हैं, जिसके साथ हैवी ब्लाउज काफी अच्छा लगेगा। इसके लिए हैवी वर्क में ब्लाउज के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप वियर करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।



### थ्रेड वर्क ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी साड़ी में थ्रेड वर्क है तो आप इसके साथ हैवी वर्क वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। सें डिजाइन का भी बना सकती हैं वरना अलग से कपड़ा लेकर भी इसे सिलवा सकती हैं। इससे आपकी साड़ी हैवी नजर आएगी। साथ ही आपका लुक यूनिक लगेगा। इसके साथ आप ब्लाउज की नेकलाइन को डीप रख सकती हैं। इससे भी आप बेहद खूबसूरत लग सकती हैं।

### जरी वर्क ब्लाउज

प्लेन साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ हैवी वर्क ब्लाउज वियर करती हैं। इससे आप काफी सुंदर (स्लीवलेस ब्लाउज) लगती हैं। इसमें आपको पूरे ब्लाउज में जरी वर्क मिलेगा। लेकिन इसमें बाजू आपको प्लेन मिलेगी। इससे आपका लुक और साड़ी दोनों ही अच्छी नजर आएगी। आप चाहे तो जरी बॉर्डर के साथ भी इस तरीके के ब्लाउज को खरीद सकती हैं। मार्केट से आपको इस तरीके के ब्लाउज रेडिमेड मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 500 रुपये में मिल जाएगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स और मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### स्टोन वर्क ब्लाउज

आजकल स्टोन वर्क ब्लाउज काफी ट्रेंड में है। इसस तरब के ब्लाउज आफको मार्केट में भी मिल जाएंगे। वरना आप चाहे (फुल स्लीव्स ब्लाउज) तो फेब्रिक खरीदकर भी इसे डिजाइन कर सकती हैं। सिंपल साड़ी के साथ आप इसे कॉन्ट्रास्ट करके पहन सकती हैं।

## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन निखर उठेगा चेहरा



लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।

इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है। ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।

### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

### हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

## प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके



बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता।

**दही और नींबूः** अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के लिए आपको दही में नींबू का रस मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

**एलोवेरा जेलः** अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पपीताः** अगर आपके चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे हैं तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के इस्तेमाल से आप अपने चेहरे को स्क्रब कर सकते हैं।

**नींबू का रसः** अगर आप आसानी से अपने घर पर चेहरे को साफ करना चाहती हैं तो नींबू के रस में चीनी मिलाकर स्क्रब करने से भी धब्बे हल्के होने में मदद मिलती है।

**हल्दीः** हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा चमक उठेगा। इसको लगाने के लिए बस आपको इसका पैक तैयार करना है और फिर इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करना है। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

**तुलसी के पत्ते :** हर घर में तुलसी का पौधा पाया जाता है। इसके इस्तेमाल से आपको दमकती त्वचा मिल सकती है। तुलसी के पत्तों में नीम के पत्तों को मिलाकर इसे पीस लें। इसके बाद इसे अपने चेहरे पर सही से लगाने के कुछ देर बाद अपना चेहरा धो लें।

